RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 04 | सीकर, शनिवार 28 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8





# सवा क्विंटल चांदी से बने डेढ़ करोड़ के रथ में नगर भ्रमण पर निकले बाबा श्याम

## नाचते-गाते चले श्रद्धालु, रंग-गुलाल उड़ाया, भक्तों पर लुटाया बाबा का खजाना





प्रदीप सैनी

**खाटूश्यामजी ( नवयत्न )।** विश्व प्रसिद्ध बाबा श्याम के मेले के सातवें दिन शुक्रवार को फाल्गुन शुक्ल एकादशी पर बाबा श्याम डेढ़ करोड़ की चांदी के रथ पर नगर भ्रमण के लिए निकले। 125 किलो चांदी से बने रथ से बाबा श्याम ने भक्तों पर अपना खजाना लुटाया। शहर भ्रमण के दौरान बाबा के रथ पर फूलों की बरसात की गई। भक्त रथ के साथ नाचते-गाते चले। भक्त रंग-गुलाल से होली खेल रहे थे। यह 350 साल से चली आ रही परंपरा है। खाटू बाबा का रथ मंदिर से रवाना होकर कबूतर चौक, हॉस्पिटल चौराहा और अन्य प्रमुख मार्गों से गुजरता हुआ वापस मंदिर पहुंचा। बाबा की एक झलक के लिए लाखों लोग खाटूनगरी पहुंचे। भक्तों की भीड़ के बीच से पुलिस मोबाइल चोर को पकड़ा। उसके पास करीब 15 मोबाइल फोन मिले हैं। इस साल फाल्गुन मेले की शुरुआत 21 फरवरी से हुई थी। मेले का समापन 28 फरवरी को होगा।

### 3 मार्च को बंद रहेंगे दर्शन

श्रीश्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान ने बताया-चंद्रग्रहण होने के कारण 3 मार्च को मंदिर में दर्शन पूरे दिन बंद रहेंगे। इसके बाद 5 मार्च को खाटूश्यामजी का तिलक और विशेष सेवा-पूजा होगी। इसलिए मंदिर में दर्शन 4 मार्च की रात 10 बजे बंद होंगे। 5 मार्च को खाटूश्यामजी का तिलक होने के कारण शाम 5 बजे फिर से शुरू होंगे। पुजारी बोले-21 जनवरी से अब तक 14.31 लाख लोग दर्शन कर चुके खाटूश्याम निज मंदिर पुजारी महंत मोहनदास महाराज ने बताया कि 21 फरवरी से लेकर अब तक 14.31 लाख लोग खाटू बाबा के दर्शन कर चुके हैं।

### वापस मंदिर पहुंचा बाबा खाटू का रथ

खाटू बाबा का रथ मंदिर से रवाना होकर कबूतर चौक, हॉस्पिटल चौराहा और अन्य प्रमुख मार्गों से गुजरता हुआ वापस मंदिर पहुंचा। बाबा की एक झलक के लिए लाखों लोग खाटूनगरी पहुंचे। बाबा खाटूश्याम ने 1 घंटे 5 मिनट तक नगर भ्रमण किया। रथयात्रा पूजा-अर्चना के बाद सुबह 11:15 बजे मंदिर प्रांगण से शुरू हुई थी। विभिन्न मार्गों से होते हुए दोपहर 12:20 बजे वापस मंदिर प्रांगण पहुंची। यात्रा में 30 हजार से ज्यादा श्याम भक्त शामिल हुए, जो पूरे समय साथ चले। शुक्रवार एकादशी को पूरी रात मंदिर में दर्शन चालू रहेंगे। शनिवार-रविवार की छुट्टी होने से मंदिर में भक्तों की भीड़ बढ़ने लगी है।

### दिल्ली से आया बैंड, तल्लीन होकर नाचे भक्त

बाबा की रथयात्रा के लिए दिल्ली से बैंड आया है। यात्रा में बैंड की धुन पर श्याम भक्त नाचते-गाते चले।

### भक्तों की भीड़ में घुसा चोर

बाबा के नगर भ्रमण के दौरान राजू की चेन के पास भक्तों की भीड़ के बीच से पुलिस ने एक युवक को पकड़ा है। उसके पास करीब 15 मोबाइल फोन मिले हैं। आशंका है कि यह मोबाइल चोर गैंग का मेंबर है।

### नाचते-गाते चल रहे भक्त

बाबा खाटूश्यामजी का मेला शनिवार सूरजगढ़ का निशान चढ़ने के साथ खत्म होगा। गुरुवार तक 10 .86 लाख भक्त बाबा के दर्शन कर चुके थे। बाबा के नगर भ्रमण के दौरान भक्त रथ के पीछे नाचते-गाते हुए चल रहे हैं। इस दौरान भक्त रंगों से होली खेल रहे हैं। भक्तों ने जमकर गुलाल उड़ाया है। हालांकि पिछले सालों की तुलना में इस बार रथ यात्रा के दौरान भक्तों की भीड़ काफी कम दिख रही है। वहीं सीकर एसपी खुद पूरी रथयात्रा के बीच व्यवस्था संभालते हुए नजर आए।

### बाबा के दर्शनों को भक्तों की भीड़ उमड़ी

श्याम बाबा का रथ नगर भ्रमण करते हुए हॉस्पिटल चौराहे से गुजरा। यहां एंट्री-एग्जिट पॉइंट होने के कारण भक्तों की भीड़ उमड़ी। लाखों श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए। इससे पहले श्रीश्याम मंदिर कमेटी के संरक्षक मोहनदास महाराज के निर्देशन में पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने रथ में नीले घोड़े पर सवार बाबा श्याम की आरती की।

## करीब डेढ़ करोड़ का रथ, दानदाता का नाम गुप्त

खाटूश्यामजी की सवारी के लिए पिछले साल नोखा बीकानेर में करीब डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से भव्य रथ तैयार किया गया था। इसके निर्माण में एक महीने से ज्यादा का समय लगा था। प्रतिदिन 8 मजदूरों ने रथ पर काम किया था। बाबा श्याम को यह रथ भेंट करने वाले दानदाता का नाम गुप्त रखा गया है। रथ को धक्का नहीं लगाना पड़े, इसके लिए जीप की बॉडी पर इसे तैयार किया गया है।

### अध्यक्ष शक्ति सिंह चौहान ने जताया आभार

श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष शक्ति सिंह चौहान ने फाल्गुन मेले के दौरान बाबा श्याम के सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर को आकर्षक झांकियों और मनमोहक सजावट से सजाया गया है, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह पानी, जूस और टॉफियों की व्यवस्था की गई । मुख्य मेले के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन पर चौहान ने सभी श्रद्धालुओं, स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वयंसेवकों, भामाशाहों एवं सहयोगी संगठनों का आभार व्यक्त किया।

## अंक ज्योतिष के हिसाब से इस बार की होली है महत्वूपर्ण : सुरेंद्र नामदेव

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** इस बार होलिका दहन को लेकर लोगों में थोड़ी उलझन बनी हुई है। ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र नामदेव ने बताया कि होली हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है और पूरे देश में इसे रंग, उमंग और भाईचारे के साथ मनाया जाता है। हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा के बाद चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को रंगों वाली होली खेली जाती है और उससे एक दिन पहले होलिका दहन किया जाता है। साल 2026 में होली की तारीख को लेकर लोगों में थोड़ी उलझन बनी हुई है। नामदेव ने बताया कि इस वर्ष रंगों की होली 4 मार्च, बुधवार को मनाई जाएगी वहीं होलिका दहन 3 मार्च मंगलवार को किया जाएगा। फाल्गुन पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 2 मार्च 2026 को शाम 5 बजकर 55 मिनट से होगी और यह 3 मार्च को शाम 4 बजकर 40 मिनट तक रहेगी। इसी दौरान भद्रा भी लग रही है। 2 मार्च की शाम 5:55 बजे से भद्रा शुरू होकर 3 मार्च की सुबह 5:32 बजे तक रहेगी। भद्रा काल में शुभ कार्य नहीं किए जाते, इसलिए होलिका दहन भद्रा समाप्त होने के बाद ही किया जाएगा। 3 मार्च 2026 को चंद्रग्रहण भी लगेगा, जो दोपहर 3 बजकर 21 मिनट से शुरू होकर शाम 6 बजकर 46 मिनट तक रहेगा। यह ग्रहण भारत में दिखाई देगा। ग्रहण का सूतक काल सुबह 6 बजकर 20 मिनट से शुरू हो जाएगा। इसी कारण 3 मार्च को रंग खेलने की परंपरा नहीं होगी और 4 मार्च को रंगभरी होली मनाई जाएगी। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त प्रात: 6 बजे रहेगा। होलिका दहन के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें। शाम को पूजा की थाली तैयार करें। दहन स्थल पर जाकर पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठें। होलिका को उपलों की माला अर्पित करें। इसके बाद रोलीए अक्षत, फल, फूल, हल्दी, मूंग, गुड़, गुलाल, गेहूं की बालियां, गन्ना और चना आदि चढाकर विधि-विधान से पूजा करें।

### न्यूमेरोलॉजी के अनुसार विशेष प्रभाव

इस बार होली काफी महत्वपूर्ण है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार मानसिक अस्थिरता, भावनात्मक उतार-चढ़ाव, बाजार में अचानक हलचल राजनीति में बयानबाजी और रणनीतिक परिवर्तन, जल, कृषि और मौसम से जुड़े क्षेत्रों में परिवर्तन होंगे। इसी कारण रंग खेलने की परंपरा 4 मार्च को निभाई जाएगी। सात का अंक आध्यात्म, शोध, रहस्य और अप्रत्याशित घटनाओं का कारक है। कई छिपे हुए सत्य सामने आ सकते हैं और राजनीतिक उतार चढ़ाव की घटनाएं सामने आयेंगी।

## भू-अभिलेख निरीक्षक 3.80 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की जयपुर नगर-द्वितीय टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए वृत्त जयपुर-पश्चिम में पदस्थापित भू-अभिलेख निरीक्षक अनिल कुमार को 3 लाख 80 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर की गई इस ट्रैप कार्रवाई में आरोपी को परिवादी से नकद राशि लेते पकड़ा गया। एसीबी महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी को शिकायत मिली थी कि भू-अभिलेख निरीक्षक अनिल कुमार पुश्तैनी जमीन के तकासमा कार्य के बदले 5 लाख रुपए की रिश्वत मांग रहा था और भुगतान के लिए दबाव बना रहा था। शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी ने परिवादी से 20 हजार रुपए प्राप्त कर शेष 4 लाख रुपए लेने पर सहमति जताई। आरोप है कि वह 1 लाख रुपए स्वयं के लिए और 3 लाख रुपए उपखंड अधिकारी जयपुर.प्रथम के लिए लेने की बात कह रहा था। सत्यापन के बाद एसीबी ने जाल बिछाया। जहां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई करते हुए भू-अभिलेख निरीक्षक अनिल कुमार को 3.80 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 248 मरीज लाभान्वित

निसं



**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर रोडए सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रूपगढ़ ग्राम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रूपगढ़, खातीवास, तुली का चारणवास, मोतीपुरा, चोपटा, गोड़ियावास, ठेहठ, उदयपुरा मोड़ आदि समीपवर्ती क्षेत्रों के लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर नि:शुल्क चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। कैम्प में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन, जनरल सर्जन, ईएनटी सर्जन, पीडियाट्रिशियन, साइकेट्रिस्ट, डर्मेटोलॉजिस्ट तथा डेंटल सर्जन की बड़ी विशेषज्ञ टीम द्वारा 248 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में सरपंच प्रतिनिधि भगवानाराम, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बजरंग जाटोलिया, वार्ड पंच रूडाराम रैगर, पूर्व पंचायत प्रसार अधिकारी धन्नाराम मील, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष श्रवण तिवाड़ी, कॉमरेड हरफूल सिंह नेहरा, बीरमाराम, छोगाराम, लीलाधर, छीतरमल हरितवाल सहित अनेक गणमान्यजन शरीक हुए।

## भजनों से किया श्याम प्रभु का गुणगान

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** मुरलीपुरा के विकास नगर स्थित श्री श्याम मंदिर में एकादशी पर महिलाओं ने फाल्गुनी भजनों की प्रस्तुतियां दीं। श्री श्याम प्रभु का विशेष श्रृंगार किया गया। पुष्प वर्षा पर महिलाओं ने भजन गाए। एक मार्च को शाम पांच बजे से यहां फागोत्सव का आयोजन होगा।

**श्याम रंग में रंगी सीकर रोड**-एकादशी के उपलक्ष्य में भक्ति, उल्लास और सामाजिक समरसता का संगम उस समय देखने को मिला, जब श्री श्याम मंदिर सेवा समिति, विजयबाड़ी के तत्वावधान में 1100 ध्वजों की षष्ठम निशान पदयात्रा जयकारों के साथ निकाली गई। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने ढेहर का बालाजी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर ध्वज दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्यजन उपस्थित रहे। पदयात्रा खेतान हॉस्पिटल चौराहा, अलका सिनेमा, रोड नंबर 01 गौरस भंडार, प्रताप नगर चौराहा और भोमियां जी का मंदिर होती हुई विजयवाड़ी पथ नंबर सात स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर पदयात्रियों का स्वागत किया। हारे के सहारे की जय हो और तीन बाण धारी की जय हो से सीकर रोड का वातावरण भक्तिमय हो उठा। भजनों की मधुर

## खजुराहो कार्निवल 2026 में लोक नृत्य श्रेणी में अन्नु महला रही विजेता



**तारानगर ( नवयत्न )।** मध्य प्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं कृषि उद्योग विकास परिषद द्वारा आयोजित खजुराहो कार्निवल 2026 के अंतर्गत 20 फरवरी से 26 फरवरी 2026 के मध्य आयोजित राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में लोक नृत्य श्रेणी में माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर की संकाय सदस्य अन्नु महला सहायक आचार्य, समाजशास्त्र विजेता रहीं। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने महाविद्यालय का नाम प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य हंसराज परिहार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व एवं सम्मान का विषय है। उन्होंने सुश्री महला को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

### कोबरी-सार



## बॉलीबॉल टूर्नामेंट आयोजित



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड क्षेत्र के तिहाड़ा बांसियाल गांव में खेल शुक्रवार को प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से बॉलीबॉल टूर्नामेंट उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ ग्राम पंचायत बांसियाल के पंकज गुर्जर ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों, युवाओं और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग ले रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच मानोता और टीबा बसई के बीच खेला गया, जिसमें टीबा बसई की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इसके बाद नारनौल और टीबा बसई के बीच खेला गया। दर्शकों की जोरदार तालियों के बीच खेले गए इस मुकाबले में नारनौल की टीम ने 4 पॉइंट से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंकज गुर्जर ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चे और युवा मोबाइल में अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें खेलों की ओर प्रेरित करने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के लिए इस प्रकार के आयोजन आवश्यक हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। आयोजन समिति की ओर से विजेता टीम को 51 सौ रुपये तथा उपविजेता टीम टीबा को 31 सौ रुपये नगद देकर सम्मानित किया जाएगा। खिलाड़ियों ने पूरे जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा कीए जिससे मैदान पर दिनभर उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। कार्यक्रम में ग्यासीलाल हवलदार, पप्पू राम, दाताराम, राजू खटाणा, सुभाष, योगेश, नरेश, रंजीत हवलदार, हजारी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गोभक्तों ने की गौ सवामणी, भक्तिभाव से भरा रहा माहौल

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** क्षेत्र की प्रसिद्ध बुगाला गोशाला में गोभक्तों द्वारा श्रद्धा और आस्था के साथ गौ सवामणी का आयोजन किया गया। विजयपाल सिंह ने बताया कि इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु गोशाला पहुंचे और गौमाता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा के साथ हुई। गोभक्त मूलसिंह, मनोहर सिंह, मदन सिंह व भवानी सिंह आदि ने गौमाता को गुड़ए चाराए हरा चारा एवं विशेष प्रसाद अर्पित किया। आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन की स्वर लहरियां गूंजती रहीं, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। गोशाला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से गौसेवा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने सभी सहयोगियों का आभार जताते हुए भविष्य में भी इसी तरह सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने गौशाला की उन्नति और क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।इस दौरान मनोज कुमार, रवि शर्मा, महावीर स्वामी, कुशल सिंह, मनीष पारीक, दशरथ सिंह, शक्तिसिंह, नरेन्द्र सिंह, रविन्द्र, महेन्द्र केडिया, गणेश, महेंद्र सिंह बुगालिया, अनिल सिहाग, लोकेश सिंह, रामकुमार आशीष, मोहित बुगालिया आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं ने थापे ढाल, होली गीतों से गूंजा माहौल

रामावतार सोनी



**बुगाला ( नवयत्न )।** क्षेत्र में एकादशी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार घरों में बड़कुले व ढाल थापकर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की। बड़कुलों के साथ साथ सूरज, चांद, तारे व होलिका आदि भी गोबर से बनाए गए। सुबह से ही महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने एकादशी का व्रत रखकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने मिलकर भगवान के भक्ति गीत गाए। मंदिरों में विशेष सजावट की गई और दीप प्रज्वलित कर आरती उतारी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में एकादशी के पारंपरिक थापे ढालने की परंपरा आज भी जीवंत है। बुजुर्ग महिलाओं ने नई पीढ़ी को इस परंपरा का महत्व समझाते हुए धार्मिक आस्था से जुड़े रहने का संदेश दिया। पूरे दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा।

## नोखा प्रीमियम लीग के दूसरे दिन सात मुकाबले हुए



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा प्रीमियर लीग के दूसरे दिन गुरुवार को भी रोचक मुक़ाबले देखने को मिले। जिसमे खेले गए कुल 7 मैचो में बालाजी सुपर किंग्स, श्री बाँके बिहारी रॉयल्स, के एम बी सुपर किंग्सए एम यु सी बीकानेर, माहेश्वरी वॉरियर्स, श्याम फ्रेंड्स 11 व संकट मोचन वॉरियर्स विजयी रही। एन पी एल के मुख्य स्पॉन्सर के रूप में गौतम लूणावतए को स्पॉन्सर जेठाराम चौधरी, जेसाराम चौधरी व दीपाराम सारण, उत्तम करनानी, टॉस व ट्रॉफी स्पॉन्सर किशन तोषनीवाल, टीशर्ट राइट हैंड स्पॉन्सर व फेयर प्ले अवार्ड स्पॉन्सर मुकेश बिहानी व मनीष तापड़िया, टीशर्ट लेफ्ट हैंड स्पॉन्सर पंकज नागपाल, ग्राउंड स्पॉन्सर महेश तापड़िया व दीपक बिहानी, कैप स्पॉन्सर महेश लाहोटी आदि का सहयोग सराहनीय है । मैच के दौरान खिलाड़ियो को मैन ऑफ दा मैच वाले व टॉस जीतने वालो को सम्मान व आकर्षक गिफ्ट भी दिए गए।। दर्शकों को भी लक्की ड्रा के माध्यम से आकर्षक गिफ्ट व कूपन बांटे गए । कार्यक्रम के दौरान सुरेन्द्र भट्टड़, श्याम भादू, उत्तम लूणावत, मनोहर झंवर, अंकित तोषनीवाल, मनोज घिया, ललित गोलछा, रमेश छाजेड़, जयश्री भूरा, गजानंद पारख, श्याम तापड़िया आदि अपस्थित रहे । आयोजक समिति के दीपक बरडिया, सुमित छाजेड़, निर्मल चोपड़ा, दिनेश राठी, रोहित कोठारी, जीतू करनानी, राम राठी, किशन लोहिया आदि ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

# विफा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का किया अभिनंदन

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विमलेश शर्मा के झुंझुनू आगमन पर जिला इकाई द्वारा उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। जानकारी देते हुए विफा जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया ने बताया कि विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष कमल कांत शर्मा एव जिला संयोजक उमाशंकर महमिया के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विमलेश शर्मा का माला, दुपट्टा, साफा पहनाकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर विमलेश शर्मा ने कहा कि विप्र फाउंडेशन के प्रत्येक पदाधिकारी ब्राह्मण समाज की एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता एवं उत्थान हेतु समर्पित होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज वसुदेव कुटुंबकम की भावना को आत्मसात कर सभी समाजों व जातीयों को साथ में लेकर चलने में विश्वास रखता है। ब्राह्मण समाज सनातन संस्कृति का आधार स्तंभ है और वर्तमान समय में संगठन, शिक्षा एवं संस्कारों के माध्यम से समाज को सशक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने श्गायत्री पुरश्चरण 200 कुंडीय महायज्ञ का आमंत्रण भी दिया। उन्होंने बताया कि आगामी 8 मार्च से 19 अप्रैल तक पुष्कर में स्वामी प्रखरजी महाराज के सान्निध्य में श्गायत्री पुरश्चरण 200 कुंडीय महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ में 24 करोड़ गायत्री मंत्रों का जाप एवं 10 करोड़ विशेष मंत्रों की आहुतियां दी जाएंगी। काशी के विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में त्रिकाल संध्या के साथ यह यज्ञ विधिवत सम्पन्न कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि गायत्री पुरश्चरण यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, समाज जागरण और राष्ट्र कल्याण का महापर्व है। शर्मा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे वैदिक परंपराओं और यज्ञीय संस्कृति से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने सभी ब्राह्मण बंधुओं से आग्रह किया कि अधिकाधिक संख्या में पुष्कर पहुंचकर श्गायत्री पुरश्चरण 200 कुंडीय महायज्ञ को सफल बनाएं। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन जिला संरक्षक एडवोकेट सुशील जोशी, जिला मंत्री रमेश चौमाल, कोषाध्यक्ष राकेश सहल, तहसील अध्यक्ष अनिल जोशी, एडवोकेट कमल शर्मा, एडवोकेट अनुपम शर्मा, एडवोकेट राकेश जोशी, विकास पुरोहित, चंद्र प्रकाश जोशी, हिमांशु शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाज बंधु उपस्थित थे।

## सन्तोषी फाग दीवाना ग्रुप का चंग धमाल कार्यक्रम चढ़ने लगा परवान

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के संतोषी फाग दीवाना ग्रुप की ओर से आयोजित सन्तोषी चौक में चंग धमाल कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने चंग की थाप पर लोक गीतों के माध्यम से यहां की संस्कृति का गुणगान किया। वहीं, धोती-कुर्ता और पांवों में घुंघरू बांधकर डफनृत्य के साथ होली के धमाल गाए। कलाकारों ने धमालों के माध्यम से भगवान गणपति व लोक देवताओं को याद कर सभी की समृद्धि की कामना की। चंग की थाप पर रसिएं ताल से ताल मिलाकर ऐसे थिरके कि कार्यक्रम में मौजूद लोग भी झूमने लगे। ग्रुप के शुशील चितलांगिया व अंकित तोषनीवाल ने बताया कि इस अवसर पर रीको उद्योग संघ के अध्यक्ष अनिल जैन व माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी तोषनीवाल, अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन पूर्वांचल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महावीर चाण्डक, पार्षद देवकिशन चाण्डक, देवकिशन जोशी, घनश्याम बिश्नोई को सन्तोषी फाग दीवाना ग्रुप की ओर से अपर्णा ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में घनश्याम बिश्नोई ने ष्आजा मेरे दिलदार खाले पान रो टुकड़ो गाया थो होली के रसिये नाचते नजर आए व अंकित तोषनीवाल, मोहित सोनी, हर्षित लाहोटी, संजय लाहोटी, कमल राठी ने चंग की थाप पर अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में गौरीशंकर करनानी, चिमाराम छिम्पा, जगदीश राठी, रामलाल सोनी, महेश भट्टड़, कालूराम सोनी, राकेश लधड़, हर्षित भट्टड़, मेहन्द्र झंवर, श्रवण जोशी, राहुल सोनी, दीपक सोनी, गणेश राठी, विकास तोषनीवाल, मंगलचंद पंवार, केसर छिम्पा, शिवसिंह राजपुरोहित, संजय छिम्पा, मूलाराम उपाध्याय, ओमप्रकाश पारीक, युवान तोषनीवाल, मनोज चाण्डक, रूपचन्द चांडक, राधेश्याम राठी, कमल चाण्डक, रमेश बाहेती, मनोज जोशी, इअशोक लाहोटी सहित सन्तोषी फाग दीवाना ग्रुप के सदस्य एवं होली के रसिये व मातृ शक्ति उपस्थित रही।

## होली फागोत्सव व चंग प्रतियोगिता 2 को

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** क्षेत्र के ग्राम गोगटिया बागावतान स्थित गोगटिया गढ़ में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 02 मार्च 2026 सोमवार को प्रात: 09:30 बजे से भव्य होली फागोत्सव एवं चंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन समूतकर्ष युवा विकास नवयुवक मंडल संस्थान द्वारा किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान के विभिन्न स्थानों से चंग की मंडलियां अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियां देंगी। आयोजक दिग्विजय सिंह गोगटिया नें बताया की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोक संस्कृति, पारंपरिक होली फाग एवं चंग वादन की समृद्ध परंपरा को बढ़ावा देना तथा युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना है। चंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय को पारितोषिक दिया जाता हैं। गोगटिया गांव एवं अन्य निकटवर्ती ग्राम इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आरके नायक, अध्यक्ष, राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति एवं विकास आयोग राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार एवं प्रहलाद राय टाक अध्यक्ष श्रीयादे माटी कला बोर्ड राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार रहेंगे।

साथ ही सादुलपुर विधायक मनोज न्यांगली, भाजपा नेता राकेश जांगिड़, सुरेंद्र सिंह महन्त, सुभाष चारण, योगेंद्र शर्मा, भोम सिंह बाड़मेर, दिलदार सिंह राठौड़ एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे। आयोजक मंडल ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने एवं लोक संस्कृति को प्रोत्साहन देने की अपील की है।

## होली व ईद उल फितर पर्व को लेकर सीएलजी बैठक आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** होली व ईद उल फितर पर्व को लेकर तारानगर थाना परिसर में शुक्रवार को सीएलजी एवं शांति समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कस्बे में यातायात व्यवस्था बनाए रखने, दुकानों के आगे सड़क पर से अतिक्रमण हटाने, नो पार्किंग बोर्ड लगाने व सीसीटीवी कैमरे लगाने सहित होली व ईद उल फितर पर्व पर कानून व्यवस्था बनाये रखने को लेकर चर्चा की हुई। तारानगर डीएसपी रोहित सांखला व सीआई सतपाल बिश्नोई ने सभी से होली व ईद के त्यौहार को आपसी भाईचारे एवं सोहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने एवं पुलिस का सहयोग करने की अपील की। बैठक में अधिशाषी अधिकारी अजय प्रतापसिँह ने सभी से मुख्य बाजार के रास्ते पर रखें सामान को हटाकर मुख्य बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने को कहा। इस मौके पर समाजसेवी अमरसिंह चारण, मो. तैयब, हरि इंदौरिया, इमीलाल प्रजापत, माणकचंद सैनी, जगदीश व्यास, वीर बहादुर राठौड़, एएसआई हरिदान चारण, राजूसिंह, महेशचंद मीणा, विजयसिंह, हैड कॉंस्टेबल संतोष देवी, एचएम लीलाराम, कॉंस्टेबल ओमप्रकाश हुड्डा, राजू नायक सहित सीएलजी व शान्ति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का समापन

निसं



**रींगस ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब रींगस द्वारा विश्व प्रसिद्ध खाटू श्याम जी मंदिर के वार्षिक फाल्गुन लक्खी मेला 2026 के अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा हेतु खाटू रोड स्थित रुकमणी गार्डन गेट पर 22 फरवरी से 27 फरवरी तक संचालित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का विधिवत समापन किया गया। क्लब अध्यक्ष अर्जुन सिंह लांबा ने बताया कि शिविर का संचालन जेएनयू हॉस्पिटल जयपुर के सहयोग से किया गया। शिविर में जेएनयू हॉस्पिटल जयपुर की टीम द्वारा एलोपैथिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। डॉ. अजय सक्सेना, डॉ. गौरव परिहार एवं जगदीश प्रसाद द्वारा होम्योपैथिक उपचार, डॉ. भंवर सिंह ताखर द्वारा फिजियोथैरेपी चिकित्सा तथा पी.एस. राजपूत द्वारा आयुर्वेद एवं घरेलू नुस्खों से उपचार किया गया। महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं ष्स्वच्छ भारत अभियान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से क्लब द्वारा मीरा युग फाउंडेशन के सौजन्य से राजकोट की प्रसिद्ध कंपनी के सहयोग से महिला श्रद्धालुओं को सेनेटरी पैड एवं डायपर का नि:शुल्क वितरण किया गया। शिविर में भामाशाह के रूप में आरएसडब्ल्यूएमए जेएनयू हॉस्पिटल एवं हॉस्पिटल की फार्मा कंपनी के मुकेश अग्रवाल, सीसी, शिक्षण संस्थान, ताखर हॉस्पिटल, सांवरमल बाजिया, सरदार मान एवं योगेश अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। कैंप में रोटेरियन डॉ. अजय सक्सेना, कविता सक्सेना, डॉ. भंवर सिंह ताखर, डॉ. विनोद कुमार गुप्ता, रघुनाथ जाट, अर्जुन सिंह लांबा, राजेंद्र यादव, झाबरमल बिजारणिया, सुभाष बिजारणिया, एडवोकेट दीपक बाजिया, मुकेश शर्मा, सरदार मान एवं ताराचंद सहित अन्य सदस्यों ने सेवा दी। झाबरमल निठारवाल के नेतृत्व में सीसी शिक्षण संस्थान के स्काउट्स द्वारा भी सराहनीय सेवाएं प्रदान की गईं।

समापन समारह में श्री श्याम परिवार संघ पंजाब बठिंडा से विनोद अग्रवाल एवं दिनेश गुप्ता, श्री श्याम गौ सेवा संघ मनोहरपुर से संतोष अग्रवाल, जेएनयू हॉस्पिटल जयपुर से मैनेजिंग हेड राजेंद्र मिठारवाल, आरएसडब्ल्यूएम रींगस से आशीष नैनवाल, सुभाष चंद्र खत्री, देवेंद्र त्रिपाठी, अर्जुन सिंह, डॉ. बलबीर सिंह ताखर एवं डॉ. राशि अग्रवाल मंचस्थ रहे। स्काउट प्रभारी झाबर निठारवाल, बनवारी लाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने छात्राओं को किया जागरूक

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राज्य सरकार की ओर से संचालित कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने राजकीय महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण केंद्र में महिला सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया यह कार्यक्रम श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।

जिसमें प्रशिक्षु युवतियों को कालिका टीम द्वारा राजकोप सिटीजन ऐप डाउनलोड करवाया गया तथा उन्हें समझाया गया कि मोबाइल में यह ऐप डाउनलोड कर आपातकालीन स्थिति में तुरंत पुलिस की सहायता प्राप्त की जा सकती है ।

एप में दिए गए आपातकालीन सहायता नंबर 112, महिला गरिमा हेल्पलाइन नंबर 1090, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान युवतियों को आत्मरक्षा के व्यवहारिक गुर भी सिखाए गए। टीम की महिला पुलिस कर्मियों ने बताया कि वर्तमान में महिला और बालिकाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधो को देखते हुए सजग और जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है छोटी-छोटी सावधानियां और आत्मरक्षा के तरीके उन्हें किसी भी अप्रिय स्थिति से सुरक्षित निकाल सकते हैं।

### साइबर अपराधों से बचाव पर जोर

पुलिस टीम ने युवतियों को साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक किया बताया कि यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर ब्लैकमेल करता है फोटो या वीडियो से छेड़छाड़ कर वायरल करने की धमकी देता है या किसी प्रकार का ऑनलाइन उत्पीड़न करता है तो घबराने की आवश्यकता नहीं है तुरंत 1930 नंबर पर सूचना दें पुलिस की ओर से तत्काल कार्रवाई की जाएगी और पीड़िता की पहचान पूर्णतया गोपनीय रखी जाएगी कार्यक्रम में कालिका यूनिट की महिला कांस्टेबल रश्मि और संगीता मौजूद रहे प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य ने इस पहल को अत्यंत सहरानिय बताते हुए इनका आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं और युवतियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ .साथ उन्हें आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाते हैं।

## रोजगार उत्सव कार्यक्रम आज

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में शनिवार, 28 फरवरी को अजमेर स्थित कायड़ विश्राम स्थली में रोजगार उत्सव का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16600 करोड़ रुपये से अधिक राशि की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे और 21800 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति-पत्र प्रदान करेंगे। इसी क्रम में चूरू जिला मुख्यालय पर मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में शनिवार, 28 फरवरी को सवेरे 10:30 बजे रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम वीसी के जरिए प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से जुड़ा रहेगा। कार्यक्रम का जिलाए ब्लॉक व पंचायत स्तर पर प्रसारण भी किया जाएगा।

## विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** बीलवा में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। शुक्रवार को सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें रविवार को शनि मंदिर चौक में होने वाले कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन को सुव्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई।

बैठक के दौरान मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश, पार्किंग, साफसफाई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलग-अलग समितियों का गठन किया गया। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं, ताकि प्रत्येक व्यवस्था समय पर पूरी हो और कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। रविवार को होने वाले सम्मेलन में वक्ताओं द्वारा संयुक्त परिवार व्यवस्था के महत्व, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा तथा अन्य सामाजिक विषयों पर विचार रखे जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज में एकजुटता और जागरूकता को बढ़ावा देना है।

बैठक में डॉ. संतोष कुमार सैनी, अश्वनी शर्मा, सुरजीत सिंह, जतन सिंह, सूबेदार रामेश्वर लाल, सूबेदार मामचंद, महेश गुप्ता, परमानंद शर्मा, विनोद स्वामी, बबलू योगी, दुर्गा प्रसाद सेन व बलराम सहित कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प दोहराया। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# रथ पर सवार होकर बाबा ने किया नगर भ्रमण, श्रद्धालु भजनों पर झूमे

निसं



**रींगस (नवयत्न)।** लखदातार के वार्षिक मेले में एकादशी पर प्राचीन श्याम मंदिर से लखदातार की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सारे जग के आराध्य शीश के दानी रथ पर सवार होकर जैसे ही नगर भ्रमण पर निकले प्रजा हारे के सहारे के दीदार के लिए उमड पडी। लोगों ने जमकर जगह जगह पुष्प वर्षा कर बाबा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालु बाबा की झलक पाकर भाव विभोर होकर झूम उठे। बाबा के जयकारों से लोगो ने फिजा को श्याम रंग में रंग दिया। इस दौरान अनेक झाकिया बैण्ड बाजों पर निकली तो लोग सड़कों व घरों की छतों पर खडे होकर स्वागत किया।

शाम करीब पाच बजे से प्राचीन श्याम मंदिर से बाबा की शोभायात्रा रवाना हुई। पिछे पिछे अन्य प्रकिया भी रवाना हुई। बाबा की झलक पाने के लिए लोगों का हुजूम उमड पडा। शीतला माता मंदिर, सोपीनाथ राजा मंदिर अग्रसेन बाजार चौपड बाजार होते हुए आजाद बौक भातरी का मौहल्ला डाकयालों का मौहल्ला होते हुए अस्पताल रोड से होते हुए तहसील कार्यालय के सामने से सीटी बस स्टैण्ड होते हुए श्याम मंदिर पहुंची। इस दौरान लोगो ने भजनों पर जमकर नृत्य किया। श्रद्धालुओं ने अनेक स्थानो पर पुष्प वर्शा की। रही भक्तो ने जगह जगह अल्पाहार, पानी जीरा पानी आदि की व्यवस्था कर शोभायात्रा की आवभगत की। भजनों पर श्रद्धालु ओत प्रोत हो गये बाबा की अलक देखने के लिए सड़को पर चल रहे वाहनों के पहिये थम गये। इस दौरान श्याम सेवक अध्यक्ष विक्रम सिंह, गजेन्द्र सिंह राहुल सिंह विजय सिंह, गोविन्द शर्मा, अरूण बावड़िका कमल सानु, नितिन त्रिपाठी, पंकज गर्ग, राजकुमार काबरा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## आम सूचना

हम रोबिन सिंह, विरेन्द्र सिंह, सन्तोष कंवर, मगन कंवर पुत्रगण/पुत्रीगण महेन्द्र सिंह, जाति-राजपूत, निवासी-इण्डाली, तहसील व जिला-झुंझुनू (राज.)। यह कि हमारे पिताजी महेन्द्र सिंह के नाम से एक वाहन ट्रेक्टर जिसके नंबर आर.जे. 18 आर.बी. 5569 है। यह कि हमारे पिताजी का दिनांक 01-07-2024 को देहांत हो चुका है। अब उक्त वाहन को हमारी माताजी छगन कंवर के नाम ट्रांसफर करवाना चाहते है अगर किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में अपनी आपति परिवहन कार्यालय झुंझुनू में दर्ज करवा सकता है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत अजाड़ी कलां पंचायत समिति झुंझुनू

क्रमांक : 18 दिनांक : 26/2/2026

**निविदा सूचना संख्या - 03/2025-26**

ग्राम पंचायत अजाड़ी कलां में ट्यूबवैल निर्माण कार्य हेतु इच्छुक संवेदकों से ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 05.03.2026 सायं 6:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का अन्य विवरण वेबसाईट (http://www.eproc.rajasthan.gov.in & http://www.sppp.rajasthan.gov.in) पर देखा जा सकता है। उपापन की कुल लागत राशि रूपये 6.56 लाखह्ह्ह है।

NIB Code:- PGH2526A0021

UBN:- PGH2526WSOB00028

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत अजाड़ी कलां
पंचायत समिति झुंझुनू

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत अजाड़ी कलां
पंचायत समिति झुंझुनू

## कार्यालय ग्राम पंचायत इस्लामपुर पंचायत समिति झुंझुनू

क्रमांक : 66-69 दिनांक : 26/2/2026

**निविदा सूचना संख्या - 04/2025-26**

ग्राम पंचायत इस्लामपुर में विभिन्न स्थानों पर ट्यूबवैल निर्माण कार्य हेतु इच्छुक संवेदकों से ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 05.03.2026 सायं 6:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का अन्य विवरण वेबूसाईट http://www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code:-
UBN:- PGH2526WSOB00029 व
UBN:- PGH2526WSOB00030

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत इस्लामपुर
पंचायत समिति झुंझुनू

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत इस्लामपुर
पंचायत समिति झुंझुनू

# गुमशुदा युवक ग्वालियर से दस्तयाब

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर उत्तर जिले की नाहरगढ़ थाना पुलिस ने दर्ज गुमशुदगी के मामले में कार्रवाई करते हुए युवक को मध्य प्रदेश के ग्वालियर से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि 18 फरवरी 2026 को परिवादी वैभव शर्मा ने देवव्रत शर्मा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त बजरंग सिंह शेखावत एवं सहायक पुलिस आयुक्त राजेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशन में थानाधिकारी दशरथ सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने जयपुर शहर क्षेत्र के लगभग 500 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में देवव्रत शर्मा को नारायण सिंह सर्किल से बस में बैठकर आगरा की ओर जाते हुए देखा गया। इसके बाद टीम ने संबंधित बस स्टॉपेज की फुटेज की जांच करते हुए आगरा तक पड़ताल की। पुलिस ने गुमशुदा के मोबाइल नंबर की सीडीआरए सोशल मीडिया अकाउंट्स फेसबुक, इंस्टाग्राम, ईमेलह्ह की आईपी डिटेल्स तथा बैंक खाते व फोनपे ट्रांजेक्शन का विश्लेषण किया। मुखबिर की सूचना और तकनीकी जांच के आधार पर युवक के ग्वालियर मध्य प्रदेश में होने का पता चला। पुलिस टीम ने ग्वालियर पहुंचकर युवक को दस्तयाब किया और सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अधिकारियों ने टीम की तत्परता और तकनीकी जांच की सराहना की है।

## आम सूचना

मैं बीरबल सिंह पुत्र रामुराम निवासी वार्ड नं. 26 चिड़ावा जिला झुंझुनू (राज.)। मेरे पास एक मूल आवेदन पत्र जेडीए जयपुर नारदपुर ए. स्कीम का आवेदन पत्र जो कि मैं चिड़ावा से झुंझुनू आ रहा था रास्ते में कहीं खो गया है यह आवेदन दिनांक 06-03-1997 जो कि प्रथम आवंटन क्रमांक नं प-ए-6-जी विप्रा/जॉन-सी-2/96 मकान नं. ए-6 इसका आवंटन पत्र भी खो गया है जो कि ईआर एसआर न. प.ए.-6 ज विप्रा/जॉन सी-2/96/86 दिनांक 09-06-1997 को मुल आंवटन पत्र खो गए है। अगर किसी को मिले तो उक्त पत्ते पर सम्पर्क करें।

## नाम-परिवर्तन

मैं मनोज कुमार पुत्र शिशराम, निवासी-हनुतपुरा, तहसील-मलसीसर, जिला-झुंझुनू (राज.)। मैंने मेरा नाम मनोज से बदलकर मनोज कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे मनोज कुमार के नाम से जाना व पहचाना जावें।

| | |
|---|---|
| राजस्थान राजपत्र विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary |
| साधिकार प्रकाशित | Published by Authority |

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA

**माघ 29, बुधवार, शाके 1947 - फरवरी 18, 2026**
**Magha 29, Wednesday, Saka 1947- February 18, 2026**

**भाग-1 (ख)**
**महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग**
**(अन्तर्गत भूमि-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 19)**
**घोषणा एवं सार**
**प्रपत्र-9**
(नियम 21 का उपनियम (1) देखें)
श्रीमाधोपुर, दिसम्बर 5, 2025

Rajkaj 19763126:-राजस्थान सरकार को यह प्रतीत होता है कि उपखण्ड क्षेत्र श्रीमाधोपुर में, संलग्न अनुसूची की सम्बद्ध सारणी के कॉलम (1) से (6) तक में तहसील-श्रीमाधोपुर जिला-सीकर के उल्लेखित राजस्व ग्राम भारणी के 29 खसरों के आंशिक/सम्पूर्ण भाग का 4.1958 हैक्टेयर क्षेत्रफल प्रान्तीय महत्व की प्रस्तावित परियोजना राज्य राजमार्ग-113 (भारणी स्टेण्ड) से न्यू श्रीमाधोपुर डीएफसीसीआईएस स्टेशन तक 2-लेन सड़क निर्माण परियोजना का सार्वजनिक प्रयोजन और जनहित में निर्माण/ विकास किए जाने के लिए इन आवश्यक भूमि/भूमियों की भूमि अवाप्ति की कार्यवाही भूमि-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 30) की धारा-19 की उपधारा (1) एवं राजस्थान सरकार के नियम 2016 के नियम-21 उपनियम (1) के प्रावधानों के अन्तर्गत किया जाना अत्यावश्यक हैं। अत: एतद्द्वारा घोषणा की जाती हैं कि मानक माप के अनुसार 4.1958 हेक्टेयर भूमि राज्य राजमार्ग-113 (भारणी स्टेण्ड) से न्यू श्रीमाधोपुर डीएफसीसीआईएल स्टेशन तक 2-लेन सड़क निर्माण परियोजना के लिए राजस्व ग्राम-भारणी तहसील-श्रीमाधोपुर जिला-सीकर की भूमि का सार्वजनिक प्रयोजनार्थ अधिग्रहण किया जाना आवश्यक हैं, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न अनुसूची के अनुसार है।

अधिग्रहित की जाने वाली भूमि की अनुसूची से सम्बद्ध सारणी (सार-संक्षेप)

| क्र.सं | जिला | तहसील | राजस्व ग्राम | प्रभावित भूमि | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | खसरा संख्या | क्षेत्रफल (हैक्टेयर में) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1 | सीकर | श्रीमाधोपुर | भारणी | 29 | 4.1958 |

प्रस्तावित परियोजना से राजस्व ग्राम भारणी की प्रभावित भूमि का विवरण विस्तृत रूप से अनुसूची में निम्नानुसार है।

आर.के. लूथरा
संयुक्त सचिव (पथ)
सा.नि. विभाग, राजस्थान, जयपुर।

DIPR/C/4071/2026

## कार्यालय ग्राम पंचायत ढिगाल पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनू

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/187-188 दिनांक :- 26.02.2026

**ई-निविदा सूचना 03/2025-26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत ढिगाल में उप स्वास्थ्य केन्द्र स्वामी की ढाणी की चार दिवारी निर्माण कार्य करने हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | 27-02-2026, प्रात: 10:00 बजे से 09-03-2026, दोपहर 12:00 बजे तक। |
| दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि व समय | 09-03-2026 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| आफलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 09-03-2026 दोपहर 02:00 बजे। |

| निविदा सूचना संख्या | NIB CODE | UBN CODE |
|---|---|---|
| 03/2025-26 | ZJU2526A0816 | ZJU2526WSOB01384 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत ढिगाल से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत ढिगाल
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत ढिगाल
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

## कार्यालय ग्राम गिरधरपुरा शाहपुरा पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/29 दिनांक :- 26.02.2026

**ई-निविदा सूचना 04/2025-26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत गिरधरपुरा शाहपुरा में ग्राम गिरधरपुरा मौकाणा जोहड़ श्मशान भूमि में चार दिवारी निर्माण कार्य राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | 27-02-2026, प्रात: 10:00 बजे से 09-03-2026, सांय 6:00 बजे तक। |
| निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 09-03-2026 सायं 6:00 बजे तक। |
| दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि व समय | 10-03-2026 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| आनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 10-03-2026 दोपहर 02:00 बजे। |

| ई-निविदा संख्या | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|
| 4/2025-26 | ZJU2526A0824 | ZJU2526WSOB01397 | 2026_PRD_543052_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत गिरधरपुरा शाहपुरा से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत गिरधरपुरा शाहपुरा
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत गिरधरपुरा शाहपुरा
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड सीकर

**(दूरभाष संख्या 01572-294311, ई-मेल eephedskr@gmail.com)**

कमांक: एफ1( )/2025-26/8967 दिनांक:- 18/02/2026

### ई-निविदा सूचना

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित सामान की आपूर्ति हेतु एस.एस.आई. यूनिट, अधिकृत विक्रेताओं से मोहरबन्द निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 04.03.2026 को सांय 6:00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है। वेबसाइट पर तकनीकी बिड दिनांक 05-03-2026 को इस कार्यालय में प्रात: 11:00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्यदिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी। इच्छुक संवेदको को अपने डिजीटल(DSC)हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| निविदा संख्या | विवरण | निविदा की अनु. लागत (रू. लाख) | धरोहर राशि (रूपये) | निविदा शुल्क (रूपये) | आपूर्ति करने की अवधि | NIB No | UBN No |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 89/25-26 | SUPPLY OF SUBMERSIBLE CABLE (4 Sq.mm) (For SSI Units only) | 7.00 | 14000 | 200 | 20 दिवस | PHE2526 A6700 | PHE2526 GSOB14501 |
| 90/25-26 | SUPPLY OF SUBMERSIBLE CABLE (6 Sq.mm) (For SSI Units only) | 7.00 | 14000 | 200 | 20 दिवस | PHE2526 A6700 | PHE2526 GSOB14503 |

**(रामकुमार चाहिल)**
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांन्त्रिकी विभाग खण्ड सीकर

DIPR/C/3898/2026

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड सीकर

कमांक: एफ( )/2025-26/2394-2404 दिनांक:- 20.02.2026

### ई-निविदा सूचना

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग में पंजिकृत डी एंव उच्च श्रेणी के संवेदको एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 05.03.2026 को सांय 6:00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है। ऑन लाईन निविदाएं इसी वेबसाइट पर इच्छुक संवेदकों द्वारा 05.03.2026 को सायं 6:00 बजे तक जमा कराये जा सकते है। वेबसाइट पर तकनीकी बिड दिनांक 06-03-2026 को इस कार्यालय में प्रात: 11:00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्यदिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी। इच्छुक संवेदको को अपने डिजीटल(DSC)हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| निविदा संख्या | विवरण | निविदा की अनु. लागत (रू. लाख) | धरोहर राशि (रूपये) | निविदा शुल्क (रूपये) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIB No | UBN No |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 80/25-26 | खण्ड खण्डेला के अर्न्तगत उपखण्ड खण्डेला के अधीन ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न ग्रामों में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति का कार्य | 30 | 60000 | 1000 | 12 माह | PHE2526 A6798 | PHE2526 WSRC14676 |
| 81/25-26 | खण्ड खण्डेला के अर्न्तगत उपखण्ड रींगस के अधीन शहरी क्षेत्र में विभिन्न वार्डो में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति का कार्य | 15 | 30000 | 1000 | 12 माह | PHE2526 A6798 | PHE2526 WSRC14677 |
| 82/25-26 | REPLACEMENT OF CENTRIFUGAL MONOBLOCK PUMP SETS & PANELS AT UWSS KHANDELA, SUB DIVISION KHANDELA, UNDER SUMMER CONTINGENCY 2026-27 | 6.44 | 12872 | 500 | 02 माह | PHE2526 A6798 | PHE2526 WSRC14678 |
| 83/25-26 | REPLACEMENT OF CENTRIFUGAL MONOBLOCK PUMP SETS & PANELS AT UWSS REENGUS, UNDER DIVISION KHANDELA, UNDER SUMMER CONTINGENCY 2026-27 | 4.29 | 8578 | 500 | 02 माह | PHE2526 A6798 | PHE2526 WSRC14679 |

**(आशीष चाहर)**
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांन्त्रिकी विभाग खण्ड सीकर

DIPR/C/4054/2026

## सम्पादकीय

# कनाडा की भूल सुधार



कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा के पहले वहां की सरकार ने जिस तरह यह कहा कि उनके देश में होने वाले अपराधों का भारत से कोई संबंध नहीं, वह केवल भूल सुधार ही नहीं, बल्कि इसका प्रमाण है कि जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली पिछली सरकार किस तरह अपने संकीर्ण राजनीतिक कारणों से भारत विरोधी एजेंडे पर चल रही थी।

जस्टिन ने भारत से भागे और अवैध तरीके से कनाडा में प्रवेश करने वाले खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराते हुए ऐसे बेतुके बयान दिए थे कि इस हत्याकांड में भारत का हाथ होने के पुख्ता आरोप सामने आए हैं। प्रमाण के बजाय आरोप की हास्यास्पद बात करके उन्होंने अपनी जगहंसाई तो कराई ही थी, यह भी सिद्ध किया था कि वे खालिस्तान समर्थक नेता जगमीत सिंह के इशारे पर भारत से संबंध खराब करने पर तुल गए थे।

यह ठीक है कि उनकी अल्पमत सरकार जगमीत की पार्टी के समर्थन की मोहताज थी, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वे उसके दबाव-प्रभाव में भारत से संबंध बिगाड़ने की हद तक चले जाते। आम तौर पर अल्पमत सरकारें घरेलू मामलों में समर्थक दलों के दबाव में आती हैं, लेकिन ट्रूडो सरकार तो विदेश नीति पर जगमीत की पार्टी के समक्ष नतमस्तक हो गई। समस्या केवल इतनी ही नहीं थी कि जस्टिन ट्रूडो खालिस्तान समर्थक नेताओं के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे थे, बल्कि यह भी थी कि वे भारत विरोधी तत्वों की पीठ पर हाथ रखे हुए थे। इसका दुष्परिणाम यह था कि कनाडा में सक्रिय खालिस्तान समर्थक अतिवादी आए दिन भारत के खिलाफ उग्र-हिंसक प्रदर्शन करते थे। वे भारत के साथ-साथ भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों को भी धमकाते थे, पर जस्टिन मौन साधे रहते थे। इस कारण भारत को भी उनके खिलाफ कठोर रवैया अपनाना पड़ा। यह अच्छा हुआ कि उनकी जगह प्रधानमंत्री बने मार्क कार्नी पहले दिन से भारत से संबंध सुधार के प्रयास कर रहे हैं, पर भारतीय नेतृत्व केवल इतने से संतुष्ट नहीं हो सकता कि नई सरकार पिछली सरकार की गलतियां ठीक कर रही है। भारत को यह देखना होगा कि कनाडा में भारत के खिलाफ सुनियोजित दुष्प्रचार करते रहने वाले खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ कोई ठोस कानूनी कार्रवाई होती है या नहीं? भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक चरमपंथी अभी भी भारतीय हितों के लिए खतरा बने हुए हैं। भारत यह भी नहीं भूल सकता कि तीन सौ से अधिक यात्रियों की जान लेने वाले एअर इंडिया के विमान को विस्फोट से उड़ाने वाले खालिस्तान समर्थक आतंकियों को कोई कठोर सजा नहीं दी जा सकी है और वहां जब-तब उनका महिमामंडन भी होता रहता है। संबंधों में वास्तविक सुधार के लिए यह सब बंद होना चाहिए।

## विशेष आलेख

# गठबंधन को लेकर बेपरवाह कांग्रेस

**“ भाजपा को हराने के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव से लगभग एक साल पहले दो दर्जन विपक्षी दलों को जोड़कर आइएनडीआइए बनाया गया था। दो बार पूर्ण बहुमत हासिल करने के बाद भाजपा का 240 सीटों पर ठहरने को इस मोर्चे की एक सफलता के रूप में देखा गया, लेकिन लोकसभा चुनाव बाद गठबंधन के पक्ष में कुछ खास घटित होता नहीं दिख रहा। उनके बीच लगातार उजागर दरारें बताती हैं कि दलों में दोस्ती के बावजूद दिलों में दूरियां बरकरार हैं।**



शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के मीडिया सलाहकार रहे संजय बारू और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर की टिप्पणियों से विपक्षी दलों के मोर्चे आइएनडीआइए की दरारें उजागर हुई ही थीं कि एआइ सम्मेलन में युवा कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन से कांग्रेस की दिशाहीनता भी बेनकाब हो गई। लगता नहीं कि कांग्रेस को देश या विपक्षी एकता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का कोई अहसास है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की लगातार तीसरी निराशाजनक हार के बावजूद अन्य विपक्षी दलों ने राहुल को नेता प्रतिपक्ष के रूप में स्वीकार कर उदारता ही दिखाई, लेकिन कांग्रेस ने कभी अन्य दलों को संसद के अंदर या बाहर साथ लेकर चलने की परिपक्वता नहीं दिखाई। राहुल गांधी अपेक्षा करते हैं कि वे जो भी रणनीति तय कर लें, संसद के अंदर-बाहर अन्य दलों को उनका श्रद्धापूर्वक अनुसरण करना चाहिए।

सफलताओं की बात करें तो झारखंड और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत तो हासिल हुई, लेकिन वहां कांग्रेस हाशिए पर ही है। महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली और बिहार में उसके हिस्से हार ही आई। इसमें महाराष्ट्र और बिहार की हार को शर्मनाक कहना कहीं अधिक उचित होगा। महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में तो गठबंधन की गांठें पूरी तरह बिखरती दिखीं। इस साल चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं, पर गठबंधन के तौर पर आइएनडीआइए में सक्रियता तो दूर, कहीं कोई सुगबुगाहट भी नहीं। एसआइआर पर तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ही चुनाव आयोग से दो-दो हाथ करती नजर आती हैं। तमिलनाडु में भी चुनाव आयोग से लेकर भाजपा तक के विरुद्ध मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनकी पार्टी द्रमुक ही मोर्चा खोले है। बंगाल में ममता एकला चलो की राह पर हैं। पिछली बार वाम मोर्चा के साथ गठबंधन करने वाली कांग्रेस इस बार अकेले चुनावी जोर आजमाइश के मूड में है। केरल में तो मुख्य चुनावी मुकाबला सत्तारूढ़ वाम मोर्चा और कांग्रेसनीत यूडीएफ के बीच ही होता है। इसलिए राज्य की राजनीति में तो परस्पर समन्वय की गुंजाइश नहीं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर एक ही गठबंधन के सदस्य होने के नाते तमाम राजनीतिक मुद्दों पर तो आइएनडीआइए को एक सुर में बोलना चाहिए। तमिलनाडु में द्रमुक और कांग्रेस के बीच पुराना गठबंधन है, लेकिन वहां भी दरारें इस हद तक हैं कि मणिक्कम टैगोर और प्रवीण चक्रवर्ती सरीखे कांग्रेस के दूसरी पंक्ति के नेता द्रमुक पर निशाना साध रहे। नतीजतन द्रमुक को उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग करनी पड़ी। तमाम अटकलों के बाद अब द्रमुक-कांग्रेस में सीट बंटवारे पर बातचीत जारी है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव तो 2027 में होने हैं, लेकिन वहां जारी एसआइआर को लेकर कांग्रेस की अनुपस्थिति उसके समाजवादी पार्टी से रिश्तों में खिंचाव का भी संकेत है। 'सामना' के संपादकीय 'अंदर की आवाजों का कन्फ्यूजन' में कांग्रेस से सवाल पूछा गया है-ममता, स्टालिन या कोई और? संपादकीय में गठबंधन को जागने और कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले बातचीत करने की नसीहत देते हुए मणिशंकर अय्यर, संजय बारू और भूपेन बोरा आदि की टिप्पणियों को अंदर की आवाजों का कन्फ्यूजन करार दिया गया है। बारू ने आइएनडीआइए का नेतृत्व ममता बनर्जी को देने का सुझाव दिया है तो अरसे तक नेहरू-गांधी परिवार के करीबी समझे गए अय्यर की टिप्पणियां राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल के रूप में देखी जा रही हैं।

जिस एकमात्र राज्य केरल में कांग्रेस की जीत की संभावना है, वहां भी अय्यर ने लगातार तीसरी बार वाम मोर्चा की ही जीत की भविष्यवाणी करते हुए मुख्यमंत्री विजयन की प्रशंसा की है। आइएनडीआइए के नेतृत्व के लिए वे स्टालिन को बेहतर मानते हैं। पार्टी से कोई संबंध न होने के आधार पर उनकी टिप्पणी को निजी राय बताकर कांग्रेस ने अय्यर से पल्ला झाड़ना चाहा है, पर राजनीतिक गलियारों से लेकर केरल-तमिलनाडु तक चर्चा थमी नहीं है। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद भले ही शशि थरूर के स्वर बदल गए हों, पर उससे पहले की तल्खियां सबने देखी हैं। असम के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा तो राहुल गांधी से बातचीत के बाद भी इस्तीफा वापस लेने के फैसले से पलट गए और हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा घोषित तारीख पर भाजपा में शामिल भी हो गए। लगभग एक दशक पहले हिमंत ने भी राहुल गांधी की कार्यशैली से खफा होकर कांग्रेस छोड़ी थी। पूर्वोत्तर में भाजपा के विस्तार में अहम भूमिका निभाने के बाद अब वे असम के मुख्यमंत्री और भाजपा आलाकमान के लाड़ले हैं।

दलबदल के बाद अक्सर अवसरवाद, दबाव और प्रलोभन की बातें सुनाई पड़ती हैं। इन्हें पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता, पर दलबदल कहीं-न-कहीं नेतृत्व की क्षमता और दल की राजनीतिक संभावनाओं पर अविश्वास का परिणाम भी होते हैं। राहुल गांधी को कम-से-कम अपनी टीम का सदस्य बताए गए युवा नेताओं के कांग्रेस से पलायन पर तो आत्मविश्लेषण करना ही चाहिए और अगर वे पर्याप्त समय नहीं दे सकते तो फिर आइएनडीआइए का नेतृत्व ममता बनर्जी या स्टालिन जैसे किसी पूर्णकालिक क्षेत्रीय नेता को सौंपने की पहल करें। हाल के एआइ इंपैक्ट सम्मेलन में युवा कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन से आइएनडीआइए के अन्य घटक दलों की मुखर असहमति भी कांग्रेस के लिए अपनी दशा और दिशा पर गंभीर पुनर्विचार का संदेश है, लेकिन शायद वह किसी संदेश को सुनने को तैयार नहीं।

## आज का राशिफल

### मेष
पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

### वृष
प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे।

### मिथुन
रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### कर्क
घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

### सिंह
पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

### कन्या
चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा।

### तुला
शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी।

### वृश्चिक
विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

### धनु
पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

### मकर
फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी।

### कुंभ
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी।

### मीन
चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं।

## स्वास्थ्य समाचार

# शुगर कंट्रोल ही नहीं बल्कि मीठे के क्रेविंग को भी कम करता है खजूर

**खजूर एक ऐसा फल है जो आपकी सेहत के लिए बहुत ही अच्छा है। इसमें ढेरों पोषक तत्व पाए जाते हैं और माना जाता है कि ये कई बीमारियों को दूर कर सकता है। ये न सिर्फ डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद है, बल्कि खजूर में मौजूद फाइबर आपके दिल को भी मजबूत और सेहतमंद बनाने का काम करते हैं। वहीं इसमें मौजूद पोटैशियम हार्ट अटैक के खतरे को कम करता है। खजूर का फाइबर, आपके पाचन तंत्र की सफाई करने के लिए भी काम आता है। पर क्या आपको पता है कि खजूर को खाने का सही समय क्या है और किस समय खजूर खाने से बचना चाहिए?**

### खजूर खाने का सबसे अच्छा समय

खजूर मीठे का पर्याय है। कई लोगों के लिए ये बहुत सेहतकारी है। जैसे कि डायबिटीज के मरीजों के लिए बनाई जाने वाली मिठाई में खजूर का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं खजूर मीठे के क्रेविंग को भी कम करता है। हालांकि जब आपको भूख लगे तब आप खजूर खा सकते हैं, पर कुछ तय समय समय पर खजूर खाने से आपको इसके कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।

### वर्कआउट से पहले


हालांकि खजूर में शुगर स्वाभाविक रूप से अधिक होते हैं पर ये हेल्दी होते हैं। ये एक प्रकार की धीमी गति से रिलीज़ होने वाली कार्ब प्रदान करते हैं, जो आपके वर्कआउच को तेज करने में मदद करता है। कोशिश करें कि वर्कआउट से 30-60 मिनट पहले 2-4 खजूर खाएं।

### नाइट स्नैक्स के रूप में

खजूर उच्च फाइबर सामग्री के कारण एक उत्कृष्ट नाइट स्नैक्स है। फाइबर को पचने में अधिक समय लगता है, जो आपको भरा महसूस करने में मदद कर सकता है और आधी रात को भूख को दबा सकता है। तो रात में अगर मीठे की क्रेविंग हो, तो खजूर खाएं।

### नाश्ते के समय

सुबह-सुबह अपने आहार में प्राकृतिक मिठास और फाइबर को जोड़ने के लिए खजूर एक उत्कृष्ट उपाय हो सकता है। इसकी उच्च फाइबर सामग्री आपको सुबह से शाम तक भरा हुआ महसूस करवा सकती है। वास्तव में, ये आपके शरीर भोजन के मैक्रोन्यूट्रिएंट अनुपात को भी बैलेंस करता है। इसकी कार्ब, प्रोटीन, और वसा संरचना आपके पेट के लिए फायदेमंद है।



### दोपहर के स्नैक्स के रूप में

खजूर फाइबर का एक अच्छा स्रोत है और प्राकृतिक शर्करा में उच्च है। फाइबर और चीनी की यह जोड़ी ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करता है। जब आप भूखे होते हैं इन्हें खाने से आपके शरीर में कैलोरी का बैलेंस हो जाता है। वहीं दिन लोगों को बीच-बीच में कुछ खाने का मन होता है खजूर उनके लिए भी फायदेमंद है।

# भोजन के साथ तरल पदार्थ पीना स्वास्थ्य के लिए कितना सही? पाचन पर इसका क्या होता है असर

खाना खाते हुए पेय पदार्थ पीना बहुत लोगों की आदत होती है, लेकिन बहुत कम लोगों को ही इसकी जानकारी होगी कि वो हमारे स्वास्थ्य या पाचन के लिए सही है या नहीं। कुछ का दावा है कि भोजन के साथ पेय पदार्थ आपके पाचन के लिए खराब है। कुछ लोगों का कहना है कि यह विषाक्त पदार्थों को जमा करने का गंभीर कारण बन सकता है, जिससे आपको कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ये सवाल काफी बड़ा हो जाता है कि भोजन करने के साथ पेय पदार्थ किस तरह से हमारे स्वास्थ्य पर असर डालता है।

**स्वस्थ पाचन की खास बातें :** अक्सर जब भी भोजन को चबाना शुरू करते हैं आपके मुंह में पाचन शुरू हो जाता है। चबाना आपकी लार ग्रंथियों को लार का उत्पादन शुरू करने के लिए संकेत देता है, जिसमें एंजाइम होते हैं जो भोजन को तोड़ने में आपकी मदद करते हैं। भोजन अम्लीय गैस्ट्रिक रस के साथ मिलाया जाता है, जो आगे इसे तोड़ देता है और एक मोटी तरल बनाता है जिसे चाइम कहा जाता है। आपको बता दें कि आपकी छोटी आंत में, आपके अग्न्याशय से पाचन एंजाइमों और आपके जिगर से पित्त एसिड के साथ मिलाया जाता है। ये आगे छीम को तोड़ते हैं, आपके रक्तप्रवाह में अवशोषण के लिए प्रत्येक पोषक तत्व की तैयारी करते हैं। ज्यादातर पोषक तत्व अवशोषित होते हैं क्योंकि चाइम आपकी छोटी



आंत के माध्यम से यात्रा करता है। एक बार आपके रक्तप्रवाह में, पोषक तत्व आपके शरीर के अलग-अलग हिस्सों में जाते हैं। आप जो खाते हैं उसके आधार पर, यह पूरी पाचन प्रक्रिया 24 से 72 घंटे कहीं भी ले जा सकती है।

**तरल पदार्थ और पाचन की गति :** वैसे तो ये आप भी जानते होंगे कि रोजाना पर्याप्त मात्रा में पेय पदार्थ पीने से कितने फायदे मिलते हैं और ये कितना जरूरी है। हालांकि, कुछ लोग दावा करते हैं कि भोजन के साथ पेय पदार्थ पीना एक बुरा विचार है। भोजन के साथ तरल पदार्थ पीने के खिलाफ एक तर्क बताता है कि तरल पदार्थ उस गति को बढ़ाते हैं जिस पर ठोस खाद्य पदार्थ आपके पेट से बाहर निकलते हैं। यह पेट के एसिड और पाचन एंजाइमों के साथ भोजन के संपर्क समय को कम करने के लिए सोचा जाता है, जिसके परिणामस्वरूप आपका पाचन खराब होने लगता है।

# मुंह की दुर्गंध से यदि निजात पाना चाहते हैं तो आप इन उपायों का इस्तेमाल करें

अक्सर ऐसा होता है जब हम किसी से बात करते हैं तो सामने वाले के मुंह की बदबू की सामना करता पड़ता है। जिस के कारण उस व्यक्ति का इम्प्रेशन खराब हो जाता है। और कभी-कभी हमें खुद के मुंह की दुर्गंध के वजह से काफी शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। वैसे इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे की पेट से जुड़ी कोई बीमारी, सेहत संबंधी समस्याएं, दांतों की तकलीफ या किसी ओरल इंफेक्शन की वजह से भी मुंह से दुर्गंध आती है। इसके अलावा अक्सर हमारे खान-पान पर भी मुंह की दुर्गंध का असर पड़ता है। इसलिए ज़रूरी है कि हम अच्छा खाएं और ओरल स्वास्थ्य का भी खूब ख्याल करें। ऐसे में हम आपको ऐसे उपाय व सावधानियां बताने वाले हैं, जो कि आपके दांतों व ओरल हेल्थ के लिए काफी मददगार साबित होंगी।

**समय-समय पर पानी का सेवन :** अच्छी सेहत के साथ-साथ अच्छे ओरल हेल्थ के लिए भी हमें खूब पानी पीना चाहिए। खासकर भोजन करने से 20 मिनट पहले और खाना खाने के आधा घंटे बाद पीना चाहिए। लेकिन खाना खाने के साथ व खाने के तुरंत बाद पानी नहीं पीना चाहिए। यह करने से डाइजेशन तो सही रहता ही है साथ ही ओरल हेल्थ भी मेंटेन रहती है।

**कैफिन का सेवन करना होगा कम :** यदि आप चाय या कॉफी का शौक रखते हैं तो मुंह की दुर्गंध का एक कारण यह भी हो सकता है। वैसे भी किसी भी चीज़ का अत्यधिक सेवन नुकसान ही करता है चाहे वो कैफिन हो या



अल्कोहल। हो सके तो ज्यादा से ज्यादा सैलेड व फ्रूट्स खाएं और नमक व तला भुना कम खाएं। ये आपके हार्ट के लिए भी अच्छा रहेगा और ओरल हेल्थ के लिए भी।

**इन चीज़ें का करें सेवन :** अधिकतर लोग सांसों की दुर्गंध को हटाने के लिए बाज़ार का मुखवास खाते हैं, जो कि काफी मीठे होते हैं। लेकिन बेहतर यही होगा कि आप सौंफ व लौंग का सेवन करें, जो कि काफी उपयोगी भी है। दांत के दर्द के लिए भी लौंग काफी गुणकारी है। मुंह से आने वाली दुर्गंध को दूर करने के लिए नींबू पानी, गाजर, ऑरेंज, अजवाइन आदि का उपयोग ज़रूर करें। इसके साथ ही सुबह के समय नमक के पानी से कुल्ला करना भी बेहतर विकल्प साबित हो सकता है।

**डेंटिस्ट को कंसल्ट करें :** अगर आपको दांत से संबंधी या सांसों की ताजगी की कोई भी दिक्कत महसूस हो रही हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। और हो सके तो एक नियमित अंतराल पर अपने डेन्टिस्ट से दांतों का चेकअप ज़रूर कराएं।

**दिन में करें दो बार ब्रश :** हेल्थ एक्सपर्ट्स व डॉक्टर्स दोनों ही यही सलाह देते हैं कि दिन में दो बार ब्रश करना चाहिए। एक बार सुबह उठने के बाद और दूसरा रात को सोने से पहले ज़रूर दांतों को साफ करें। दांत तो मज़बूत होते हीं हैं साथ ही मुंह में होने वाली बदबू भी दूर होती है। यदि हो सके तो एक टाइम नीम की दातून का अवश्य इस्तेमाल करें।

### शुगर-फ्री कैंडी का सेवन

यदि मुंह की दुर्गंध से निजात पाना है तो आप शुगर फ्री कैंडी का सेवन कर सकते हैं। आप चाहें तो बबलगम या च्युंइगम का सेवन भी कर सकते हैं। इससे मुंह और दांतों, दोनों की एक्सरसाइज भी होती है।

## 75 से अधिक विद्यार्थी संख्या वाली स्कूलों में भी लगेगा इंटरेक्टिव बोर्ड



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की श्री गांधी बाल निकेतन के संस्थापक सचिव स्व. चम्पालाल उपाध्याय द्वारा क्षेत्र के शैक्षणिक विकास हेतु जीवन पर्यन्त किये गये कार्यों को आगे बढ़ाने की दृष्टि से भामाशाहों के सहयोग से सरकारी स्कूलों-कॉलेजों में अत्याधुनिक तकनीक से शिक्षा उपलब्ध करवाने हेतु समूचे चूरू जिले में इंटरेक्टिव बोर्ड लगवाये जाने की योजना बनाई गई है। जिसके तहत अब क्षेत्र के 75 से अधिक विद्यार्थी संख्या वाले सभी स्कूलों में एक-एक तथा 400 से अधिक विद्यार्थी संख्या वाली स्कूलों में दो-दो इंटरेक्टिव बोर्ड की स्थापना हो जायेगी। इसके लिए कोलकाता प्रवासी भामाशाह प्रदीप सराफ ने 21 लाख रूपये की राशि के 14 बोर्ड उपलब्ध करवाये है। बोर्ड की स्थापना हेतु आज शुक्रवार सुबह श्री गांधी बाल निकेतन में आयोजित बैठक में 14 प्रधानाचार्यों ने अपने अनुरोध पत्र परियोजना निदेशक राजीव उपाध्याय को सौंपे। इस अवसर पर सीबीईओ संदीप व्यास, परियोजना समन्वयक पूर्व सीबीईओ कुलदीप व्यास एवं भानूप्रकाश इंदौरिया मंचस्थ थे। अपने उद्बोधन में प्रोजेक्ट फाउण्डर उपाध्याय ने भामाशाहों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अब तक जिले की 340 सरकारी शिक्षण संस्थाओं में 5.40 करोड़ रूपये की राशि से 373 बोर्ड की स्थापना करवाई जा चुकी है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को आधुनिकतम शिक्षण टूल प्रदान करना था जो अब साकार होता नजर आ रहा है। चूरू जिला देश का पहला ऐसा जिला बन गया है जिसके सभी सरकारी कॉलेजों में इंटरेक्टिव बोर्ड से पढ़ाई हो रही है। बाल निकेतन के शिक्षक देवेन मिश्रा, कौशल मिश्रा एवं ऋषभ शर्मा ने बोर्ड के संचालन संबंधी संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत करते हुए प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया। बैठक में प्रधानाचार्य रतीराम, विश्वास निरंकारी, नेतराम, हरीश कुमार प्रजापत, सुरेन्द्र कुमार ऐचरा, जल सिंह मीणा, अनिल कुमार, जगदीश प्रसाद, कोजूराम, प्रभुराम, मुकेश बालाण, नीतू कुमारी, सन्तोष पूनियां, मोनिका आदि उपस्थित थे।

## होली पर सफाई व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** आगामी होली एवं धुलंडी पर्व 02 एवं 03 मार्च 2026 के अवसर पर नगर निगम जयपुर द्वारा शहर में विशेष साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई हैं। नगर निगम आयुक्त डॉ गौरव सैनी के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र में होलिका दहन एवं धुलंडी के दौरान उत्पन्न होने वाली राख, कोयला, लकड़ी अवशेष, रंग-गुलाल एवं अन्य कचरे की त्वरित सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। मुख्य सड़कों, चैराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती की जाएगी ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा दुर्घटनाओं की संभावना को रोका जा सके। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने आमजन से अपील की कि होली पर्व सौहार्द एवं सुरक्षित वातावरण में मनाएं तथा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने में नगर निगम प्रशासन का सहयोग करें। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा की दृष्टि से दिनांक 2 व 3 मार्च 2026 को अग्निशमन वाहन मय आवश्यक उपकरण एवं स्टाफ की तैनाती शहर के विभिन्न स्थानों पर की जायेगी। दिनांक 2 व 3 मार्च को थाना रामगंज, माणक चौक, ब्रह्मपुरी, शास्त्री नगर, कोतवाली, लालकोठी, मालवीय नगर, आदर्श नगर, सांगानेर, मानसरोवर, वैशाली नगर तथा पुलिस कंट्रोल रूमए यादगार जयपुर पर की जाएगी। यह व्यवस्था प्रात: 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रभावी रहेगी।

## किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सीकर सांसद का किया स्वागत



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सीकर सांसद कॉमरेड अमराराम का सरदारशहर में आयोजित किसान महापंचायत के बाद सुजानगढ़ जाते वक्त क्षेत्र में रुकने पर किसान नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उनके साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के राज्य महासचिव कॉमरेड किशन पारीक, किसान सभा के नागौर जिलाध्यक्ष भागीरथ नेतड़ साथ थे । इस अवसर पर पूर्व पंचायत समिति प्रधान गिरधारीलाल बांगड़वा ने अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया। कॉमरेड अमराराम ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां लगातार किसान और मजदूर विरोधी रही हैं। उन्होंने प्रस्तावित अमेरिकी ट्रेड डील को देश के कृषि क्षेत्र के लिए नुकसानदेह बताया।। उन्होंने कहा कि ऐसी नीतियां देश की खाद्य सुरक्षा और किसानों की आत्मनिर्भरता को भी कमजोर करेंगे। कार्यकर्ताओं से गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करने, किसान-मजदूर एकता को और सुदृढ़ करने तथा जनसंघर्ष को तेज करने का आह्वान किया। इस दौरान किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष कॉमरेड मदनलाल जाखड़, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद चाकलान, जिला कार्यकारिणी सदस्य बिरजूराम खीचड़, पूर्व सेवादल जिलाध्यक्ष अजय बणसिया, भागीरथ खीचड़, सीताराम झाझडिया, ओमप्रकाश तालनिया, रामकिशन भामू, विजयपाल कड़वासरा, मनीष जाखड़, संजय एगिरधारी घिंटाला, बजरंग सिंह राजपूत, धनजी बिस्सू, तेजाराम, महिपाल नैण सहित किसान सभा एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विशाल जागरण आज

**तारानगर ( नवयत्न )।** तहसील के ग्राम बुचावास स्थित श्री श्याम मंदिर परिसर में श्री श्याम सेवा संस्था के तत्वावधान में 28 फरवरी 2026 को रात्रि 8 बजे से विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों एवं गोभक्तों में भारी उत्साह है। गौशाला अध्यक्ष मांगीलाल पांडिया ने बताया कि जागरण के दौरान भव्य दरबार सजाया जाएगा तथा इत्र वर्षा, छप्पन भोग एवं फागोत्सव जैसे विशेष आकर्षण होंगे। इस अवसर पर राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक डॉ. ओमजी मुंडेल डिगरना अपनी मधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। उनके साथ देवेंद्र लाम्बिया एंड पार्टी भी भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेगी। कार्यक्रम में बाल संत श्री भोले बाबा ऋषिकेश तथा स्वामी कृष्ण गिरी का पावन सान्निध्य प्राप्त होगा। आयोजकों की ओर से समस्त ग्रामवासियों एवं आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं को सपरिवार सादर आमंत्रित किया गया है। इस आयोजन में श्री अगड़ी नाथ जुझारू देवता गौ सेवा समितिए श्री श्याम जी सेवा संस्थाए गौ-रक्षा दल, अन्नपूर्णा गौ-सेवा समिति, धरती के धनी सेवा धाम ट्रस्ट, श्री श्याम मित्र मंडल सहित समस्त ग्रामवासी एवं गोभक्त सहयोग कर रहे हैं।

# उपखंड कार्यालय पर 24 सूत्री मांगों को लकर हुई महापंचायत

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सीकर सांसद कॉमरेड अमराराम ने कहा है कि देश की सरकार ने ट्रेड डील को लेकर जिस प्रकार से अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है, उससे भारत के किसानों का भविष्य खतरे में आ जायेगा। कॉमरेड अमराराम स्थानीय उपखंड कार्यालय के सामने 24 सूत्री मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा की महापंचायत में उपस्थित सैंकड़ों किसानों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार व कंपनियों की नजर अब किसानों के खेतों पर है और जमीन को छीनने की साजिश शुरू हो चुकी है, लेकिन इस देश का किसान झुकने वाला नहीं है। वहीं किसान सभा के प्रदेश सचिव कॉमरेड किसन पारीक ने कहा कि अमेरिका से हमारी सरकार को लेकर दो ईमेल लीक हुए, इतने में हमारी सरकार घुटनों पर आ गई और रूस से फायदे के सौदे पर कच्चा तेल खरीदना बंद कर दिया। इससे आने वाले समय में और ज्यादा महंगाई की मार जनता को झेलनी पड़ेगी। वहीं कॉमरेड निर्मल प्रजापत ने कहा कि दो व्यक्ति देश की सम्पति बेच रहे हैं और दो व्यक्ति खरीद रहे हैं। किसी ने सरकार से मांग नहीं की पैमाईश की, लेकिन फिर भी किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसी भी किसान ने स्मार्ट मीटर नहीं मांगा, लेकिन कंपनियों के हित में थोपा जा रहा है और तो और कुछ लोग फर्जी किसान बनकर हमारे हिस्से का क्लेम भी उठा रहे हैं। ऐसे लोगों से हमें सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि किसानों के नाम पर सता में आये लोग आज किसान के ही दुश्मन बन गए हैं। इस अवसर पर कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया ने उपखंड कार्यालय में हुई वार्ता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि स्थानीय स्तर की सभी मांगे प्रशासन ने मान ली हैं और जल्द पूरी की जायेंगी। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने धरनास्थल पर शाम को आकर कहा कि भाषीणा में किसानों पर हुए मुकदमे में पुलिस कोई नकारात्मक कार्यवाही नहीं करेगी और जल्द ही मामले का निस्तारण हो जायेगा और कलक्टर से सम्बंधित मांगों को चूरू, जयपुर से सम्बंधित मांगों को सरकार के पास भेजा जाकर निस्तारित करवाने के प्रयास किए जायेंगे। इस पर शाम को महा पंचायत समाप्त हुई। वहीं वक्ताओं ने 23 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, एडवोकेट रामकुमार मेघवाजल, डीवाईएफआई प्रदेश अध्यक्ष सौरभ जानू, एसएफआई प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र ढ़ाका, सागर मेघवाल, भागीरथ नेतड डीडवाना, नरेंद्र बेनीवाल, एसएफआई जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश डूडी, भागीरथ दुसाद आदि ने विचार प्रकट किए। मनसुख गोदारा ने कहा कि चरला में खनिज की भूमि की चक्कर में अधिकांश किसानों की भूमि को घटाकर फोरेस्ट दिखाया गया है, जबकि किसानों में हाहाकार मचा है। दूसरी ओर इस समस्या को लेकर किसानों की आपति समय सीमा बीत जाने के बाद भी आपत्ति लिए जाने पर सहमति बनी।

इस दौरान सालासर, कोडासर, जीली, लिखमणसर, गिरवरसर, चरला, साजनसर, बिलंगा, हेमारासर, शोभासर, मलसीसर सहित आस-पास के गांवो से किसान महापंचायत में शामिल हुए। सभा के दौरान किसान सभा अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, जगदेव बेड़ा, सिराज खान कायमखानी, महबूब बड़गुजर, मुमताज काजीए दीपाराम बिस्सु, जयराम टांडी, लालूराम बिजारणिया, पोकर प्रजापत, भगवानाराम, सहित सैंकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम में कॉमरेड हेतराम बेनीवाल को श्रद्धांजली अर्पित की गई।



# चंग की थाप पर झूमे लोग

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** पाबोलाव क्षेत्र में स्थित मां गायत्री ढाणी एवं बापूजी एज्युकेशन ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में फाग महोत्सव 2026 का आयोजन सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजलदेसर की आजाद चंग पार्टी तथा शेखावाटी क्षेत्र से आए कलाकारों ने चंग की थाप पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को फाग की रंगत से सराबोर किया। इस दौरान पुष्प होली, गुलाल की होली, बांसुरी वादन, गिंदड़ नृत्य एवं चंग की थाप पर सामूहिक नृत्य का मुख्य आकर्षण रहा। रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों और लोकसंगीत ने फाग उत्सव की परंपरा को अधिक जीवंत बना दिया। संयोजिका डॉ. ईशा गुर्जर ने कहा कि भारतीय त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का संदेश देते हैं। इसी उद्देश्य से होली पर्व के अवसर पर फग महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर श्री बापूजी एज्युकेशन समूह के निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि होली पर्व पर रासायनिक एवं चाइनीज रंगों के बजाय प्राकृतिक गुलाल का प्रयोग किया जाना चाहिए, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों सुरक्षित रहेंगे।

कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर एवं गुलाल लगाकर पारंपरिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नीतू गुर्जर, गणेश सिंह रसीदपुरा, मुकेश रुंदला, लाल दास स्वामी, सुनीता जांगिड़, हितेश शर्मा, विवेक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एप्स्टीन फाइल मामले को लेकर महिला कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

निसं



**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** कस्बे के छावनी क्षेत्र में शुक्रवार को महिला कांग्रेस की ओर से खुशाल चौहान के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने नरेन्द्र मोदी तथा सांसद हरदीप पुरी का नाम कख्यात मानव तस्कर व संगीन अपराधी एप्स्टीन से जुड़ी फाइलों में सामने आने के आरोपों को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हरदीप पुरी का पुतला दहन करते हुए उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की। इस दौरान महिलाओं ने पी.एम. इज कॉम्प्रोमाइज्ड जैसे नारे लगाकर अपना तीखा विरोध दर्ज कराया। महिला कांग्रेस का कहना है कि यह मामला देश की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है, जिसे किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने केंद्र सरकार से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व सरपंच धांधेला हर्षा सैनी, सुनीता सैनी, मनकोरी देवी, सुमन देवी, निकिता कुमावत, प्रियंका कुमावत, रितु स्वामी, तनु स्वामी, लक्ष्मी स्वामी, विमला देवी, संतोष कंवर, ममता सैनी, रेखा सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष मदनलाल सैनी, नगर अध्यक्ष बलदेव यादव, नंदलाल सैनी, प्रहलाद महराणियां, सुरेश खैरवा, राजेश बाजिया, लीलाराम सैनी, राकेश नटवाड़ियां, वीरेन्द्र स्वामी, नरेश टेलर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# श्याम भक्त पैदल निशान यात्रा लेकर पहुंचे श्याम बावी धाम बांय



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** 5वी पैदल निशान यात्रा सुबह 4:15 बजे बगीची बालाजी मंदिर तारानगर से श्याम बावड़ी धाम बांय के लिए 400 भक्तों का जुलूस रवाना हुआ। भक्तों ने श्याम बाबा के जयकारे लगाते हुए, डीजे के साथ नाचते हुए, विकाश सरावगी और कन्हैया शर्मा के नेतृत्व में निशान यात्रा निकाली गई और बाबा श्याम को 56 भोग एवं स्वामनी का प्रसाद लगाया। श्याम भक्तों ने बाबा श्याम को चाँदी का हार भी भेंट किया। वृंदावन के कलाकारो द्वारा राधा कृष्ण बन कर नृत्य किया गया।

इस अवसर पर अंजनी चाचान, गोविंद सरावगी, अमित सगतानी, धीरू सरावगी, संजय बंसल, राजू धीरवासीया भाला नाई, हर्ष स्वामी, भव्य सरावगी सहित अनेक श्याम भक्त उपस्थित रहे।

## दुपहिया वाहन चुराने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** सेज थाना पुलिस ने पान की दुकान के बाहर खड़ी दुपहिया वाहन बाइक चोरी कर फरार हुए शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि सेज थाना पुलिस ने पान की दुकान के बाहर खड़ी दुपहिया वाहन बाइक चोरी कर फरार हुए शातिर चोर तैय्यब खान 27 निवासी कुड़गांव जिला करौली को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है और कई थानों में वांछित चल रहा था।

## संत गंगाराम साहिब के 133वें बरसी मेले का शुभारंभ

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिंधी समाज के संत संत गंगा राम साहिब के 133वें वरसी मेले का शुभारंभ आदर्श नगर स्थित गीता भवन में श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ। मेले के प्रथम दिवस प्रात:काल धर्म ध्वजा फहराई गई तथा घट स्थापना एवं हवन का आयोजन किया गया। मेला संयोजक मोहन गंगवानी ने बताया कि अपराह्न 11 बजे अमरापुर दरबार की संत मंडली ने ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर बच्चों के जनेऊ और मुंडन संस्कार भी संपन्न हुए। बहिराणा साहब की भव्य झांकी निकाली गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। अजमेर के ललित भगत ने भक्ति संगीत की प्रस्तुति दीए वहीं माधव धाम के गुलराज उदासी ने सत्संग एवं प्रवचन के माध्यम से संतों की वाणी का संदेश दिया। सायंकाल महिलाओं ने पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नवविवाहित जोड़ों ने संत की समाधि के समक्ष पुन: फेरे लेकर सुखी वैवाहिक जीवन की अरदास की। कटनी की सुप्रसिद्ध बालक मंडली के गोवर्धन उदासी एवं दिलीप उदासी ने भी भक्ति संगीत से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया।

## बाजार में सजी होली की रौनक



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रंगों के पर्व होली को लेकर शहर के बाजार सजने लगे हैं। परकोटा, जौहरी बाजार, दचौड़ा रास्ता सहित विभिन्न प्रमुख बाजारों में गुलाल, हर्बल रंग, पिचकारियों और सजावटी सामान की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ दिखाई दे रही है। दुकानदारों ने भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए नई-नई वैरायटी बाजार में उतारी है। इस बार बाजार में पारंपरिक गुलाल और गोटे के साथ-साथ क्लाउड सिलेंडर, कलर स्प्रे, कार्टून थीम पिचकारी और बच्चों के लिए सुपरहीरो डिजाइन की पिचकारियां खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। दुकानदारों का कहना है कि हर्बल और त्वचा के अनुकूल रंगों की मांग पिछले वर्षों की तुलना में अधिक बढ़ी है। लोग रसायनयुक्त रंगों से दूरी बनाते हुए प्राकृतिक और ऑर्गेनिक रंगों को प्राथमिकता दे रहे हैं। पिचकारियों की भी बाजार में भरपूर वैरायटी उपलब्ध है। 15 रुपए से लेकर 1500 रुपए तक की पिचकारियां बाजार में मिल रही हैं। छोटे बच्चों के लिए टैंक वाली पिचकारीए बैकपैक स्टाइल वाटर गन और फैंसी डिजाइन की पिचकारियां खूब पसंद की जा रही हैं। इसके अलावा रंग-बिरंगे गुब्बारे, अबीरएटोपीए टी-शर्ट और होली से जुड़े सजावटी सामान भी दुकानों पर सजे हैं। दुकानदारों के अनुसार इस बार कीमतों में हल्की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन ग्राहकों का उत्साह कम नहीं हुआ है। कई व्यापारियों ने बताया कि त्योहार नजदीक आते ही बिक्री और बढ़ने की उम्मीद है। उधर अभिभावक भी बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद खरीदने पर जोर दे रहे हैं। चिकित्सकों ने भी त्वचा और आंखों की सुरक्षा को लेकर सावधानी बरतने तथा हर्बल रंगों का ही उपयोग करने की सलाह दी है। त्योहार को लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ने से व्यापारियों के चेहरे खिले नजर आ रहे हैं और शहर में होली का उल्लास धीरे-धीरे रंग जमाने लगा है।

## बच्चों ने रोजा रखकर मुल्क में अमन व चैन की मांगी दुआएं

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** शुक्रवार को रमजान के पवित्र माह का नौवां रोजा संपन्न हुआ। रमजान के इस महीने की पाक बरकतें बच्चों के उत्साह में साफ झलक रही हैं। लाडनूं के तेली रोड़ गली नंबर 16 निवासी असगर खत्री की छ: वर्षीय पुत्री तमन्ना नूर ने शुक्रवार को अपने जीवन का पहला रोजा रखा और परिवार के साथ इफ्तार कर देश में अमन व चैन की दुआएं मांगी। वहीं सैफअली बड़गुजर पुत्र मोहम्मद साजिद बडगूजर ने भी शुक्रवार को अपने जीवन का पहला रोजा रखकर खुदा की इबादत की और आमजन को रोजा रखने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में हसन छींपा और इरशाद छींपा ने बताया कि पांच वर्षीय मासूम सुफरा ने भी रमजान का रोजा मुकम्मल कर मुस्लिम समाज के लोगों को खुदा की इबादत करने के लिए प्रेरित किया है। बच्चों में रमजान को लेकर खास उत्साह देखा जा रहा है, जिससे न सिर्फ घर का माहौल बल्कि पूरे गांव में धार्मिक भावना और भाईचारे का संदेश फैल रहा है। परिजनों का कहना है कि इतनी कम उम्र में बच्चों का रोजे रखना उनके मजबूत इरादों और अच्छी तरबियत का नतीजा है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत का कार्य करेगा।

## अभिभाषक संघ रतनगढ़ ने सौंपा ज्ञापन

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अभिभाषक संघ रतनगढ़ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार इंदौरिया के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए अधिवक्ताओं ने मांग की है की राजस्थान के वकीलों की निजी गाड़ियों को संपूर्ण राजस्थान के स्टेट हाईवे व नेशनल हाईवे पर लगने वाले टोल टैक्स को अधिवक्ताओं की गाड़ियों के लिए टोल फ्री किया जाए। ज्ञापन देने वालों में अभिभाषक संघ के सचिव एडवोकेट गोविंद सिंह कठोड़, उपाध्यक्ष निराणाराम बिसू, प्रवक्ता गौतम नाथोलिया, विकास कुमार ज्यानी, परमानंद, दिवाकर, शिव भगवान सारस्वत आदि अधिवक्ता मौजूद थे।



# पर्यटकों के लिए खास है मसूरी की यह बेहतरीन जगह

दिल्ली के सबसे पास के हिल स्टेशन में से एक है मसूरी, जिसे हर कोई पहाड़ियों की रानी के नाम से जानता है। ये जगह उत्तराखंड में है, जो बच्चों, कपल्स और बड़ों के लिए एक बेहतरीन डेस्टिनेशन है। यहां पर आपको घूमने के लिए बहुत सारी जगह तो नहीं हैं लेकिन जो भी हैं वह काफी खूबसूरत और मन को खुश कर देने वाला है।



## गन हिल पर करें केबल कार की सवारी

गन हिल समुद्र तल से 6,800 फीट की ऊंचाई पर है और मसूरी की दूसरी सबसे ऊंची चोटी है। खूबसूरत नजारों को एंजॉय करने के लिए आपको इस शहर में जरूर जाना चाहिए। माल रोड से गन हिल तक केबल की सवारी जरूर करें।

## माल रोड पर घूमना और फेमस मोमोज को चखना

पहाड़ी इलाकों पर आपको माल रोड मिलेंगे। मसूरी का माल रोड आपका दिल जीत लेगा। अगर आप इस बाजार का मजा लेना चाहते हैं तो शाम के समय यहां निकलें और चारों ओर घूमें। सड़क पर कई दुकानें और रेस्तरां हैं। मसूरी में सबसे अच्छे मोमोज का स्वाद भी जरूर चखें।

## केम्प्टी फॉल में नहाने का मजा

गर्मी के मौसम में पर्यटकों को केम्प्टी फॉल्स के तल पर नहाना बहुत पसंद आता है। इसमें सैकड़ों पर्यटकों के एक साथ जाने की व्यवस्था है। स्विमिंग पूल में चेंजिंग रूम, लॉकर और स्विमवीयर किराए पर लेने के विकल्प हैं। आप यहां जाएं तो अपने एक्सट्रा कपड़े साथ जरूर लेकर जाएं।

## क्लाउड्स एंड की सैर

क्लाउड्स एंड मसूरी के भौगोलिक अंत को दर्शाता है। ओक और देवदार के जंगल से घिरा हुआ क्लाउड्स एंड मसूरी के मुख्य शहर से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर है और यह पहाड़ियों और आरामदेह वातावरण के खूबसूरत नजारों के लिए जाना जाता है।

# पर्यटक शिमला-मनाली नहीं, साउथ के इन हिल स्टेशन की जरूर करें सैर

हिल स्टेशन जाने की बात आती है तो अक्सर लोग नॉर्थ की जगहों पर जाना पसंद करते हैं। भारत के दक्षिणी भाग में कई हिल स्टेश शामिल हैं। जहां पर आप बेहतरीन समय बिता सकते हैं। हरी-भरी पहाड़ियां और खूबसूरत नजारे इन स्थलों को उन लोगों के लिए बेहद आकर्षक बनाते हैं जो नैचर से प्यार करते हैं और शहरी भीड़ से दूर एकांत में समय बिताना चाहते हैं।

**कोडइकनाल :** तमिलनाडु का कोडाइकनाल खूब फेमस हिल स्टेशनों में से एक है। यह दक्षिण भारत के सबसे ठंडे हिल स्टेशनों में से एक है और झरनों, हरी घाटियों, शांत झीलों और तेज ग्रेनाइट चट्टानों से भरा हुआ है। यह हनीमून मनाने वालों के लिए जानी-मानी जगहों में से एक है। कोडइझील, पिलर रॉक्स, कोकर्स वॉक, बेयर शोला फॉल्स, डेविल्स किचन, थलाईयार फॉल्स और डॉल्फिन नोज जैसे कुछ बेहतरीन जगह हैं।


**वगामों :** हरी-भरी पहाड़ियां, घाटियां और नाले कई लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यह भीड़ से बचने के लिए एक बेहतरीन जगह है। जब आप यहां हों, तो घाटियों और झरनों के खूबसूरत नजारों का मजा जरूर लें। यहां पर कुरीसुमाला आश्रम, इंडो-स्विस प्रोजेक्ट डेयरी फार्म, वागामन मीडोज, पाइन फॉरेस्ट, मूप्पनपारा और मुरुगन हिल जैसी जगहों को जरूर देखें।

**यरकौड :** यरकौड का छोटा लेकिन आकर्षक हिल स्टेशन पूर्वी घाट में शेवरॉय पहाड़ियों में बसा है। यह इन दिनों एक फेमस पर्यटन स्थल बन गया है, कॉफी और मसाले के बागानों, शांत यरकौड झील का लुत्फ जरूर उठाएं।

**मुन्नार :** केरल के इडुक्की जिले में स्थित यह दक्षिण भारत के सबसे ऊंचे हिल स्टेशनों में से एक है। मुन्नार में पैदल यात्रियों के लिए आकर्षण होने के अलावा, लक्कम झरने और एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान भी हैं।


# जयपुर को 'पिंक सिटी' जोधपुर को 'ब्लू सिटी', जैसे शहरों को इन नामों से बुलाने की कहानी है बड़ी दिलचस्प

हम जिस भी शहर में घूमने के लिए जाते हैं, उससे जुड़ा इतिहास और परंपरा हम सभी को देखने को मिल ही जाता है। कभी कोई शहर अपने इतिहास को लेकर फेमस होता है, तो कोई अपनी किसी और चीज की वजह से लोकप्रिय माना जाता है। वैसे आपने कभी सोचा है कि, जयपुर को पिंक सिटी क्यों कहते हैं? तो वहीं जोधपुर को ब्लू सिटी क्यों कहा जाता है?



## ब्लू सिटी, सन सिटी-जोधपुर

राजस्थान के जोधपुर के सबसे पुराने हिस्सों में हर घर को नीले रंग से रंगा गया है। जैसे-जैसे आप इस शहर की हर गली में बढ़ते जाएंगे, वैसे-वैसे आपको हर घर, दूकान नीले रंग में रंगी दिखाई देगी। यहां के लोगों का मानना है कि मानना है कि नीला रंग मच्छरों को दूर रखता है और शहर को ठंडा रखता है। इसे 'सन सिटी' के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि पूरे साल सूरज हर मौसम में उसी ऊर्जा के साथ चमकता रहता है।



## झीलों का शहर-उदयपुर

राजस्थान में उदयपुर को पहले मेवाड़ के नाम से जाना जाता था। उदयपुर अपनी खूबसूरत झीलों की वजह से पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अगर फिल्मों में किसी डायरेक्टर को झीलें दिखानी हैं, तो वो उदयपुर को ही सबसे पहले चुनते हैं। पिछोला झील, फतेह सागर, बड़ी, ढेबर, सागर स्वरूप झील, दूध तलाई उदयपुर की लोकप्रिय झीलें है। यही वजह है कि इस शहर को 'झीलों का शहर' कहा जाता है।

## महलों का शहर, जॉय सिटी-कोलकाता

मस्ती और मजा क्या होता है, कोलकाता के लोग ये सब जानते हैं, चाहे फिर वो दुर्गा पूजा हो या क्रिसमस हो, ईद हो या नया साल हो, उन्हें हर चीज में मजा करना आता है। फ्रांसीसी लेखक डोमिनिक लैपिएरे ने कोलकाता को सिटी ऑफ जॉय निकनेम दिया था। विक्टोरिया मेमोरियल, फोर्ट विलियम, मार्बल पैलेस, जैसे महलों की वजह से भी इसे सिटी ऑफ पैलेस भी कहा जाता है।





## गुलाबी शहर-जयपुर

राजस्थान के इस खूबसूरत शहर में, ऐतिहासिक महत्व रखने वाली हर इमारत गुलाबी रंग में है। आपको बता दें, गुलाबी रंग उस समय की रानी को बेहद पसंद था। महारानी की पसंद को ध्यान में रखते हुए और उस समय 1876 में प्रिंस अल्बर्ट द्वितीय का स्वागत करने के लिए खासतौर पर शहर को पिंक किया गया था। उनके सम्मान में, महाराजा ने एक कोर्ट हॉल का निर्माण भी किया था। अल्बर्ट शहर को इतने प्रभावित हुए कि उनके मुंह से इसका नाम पिंक सिटी निकल गया, जिसका हिंदी में अर्थ है गुलाबी शहर। तब से ये इस जगह को पिंक सिटी के नाम से भी जाना जाता है।

## बॉस्टन ऑफ इंडिया-अहमदाबाद

साबरमती नदी के तट पर मौजूद, अहमदाबाद औद्योगीकरण का टॉप स्पॉट है। इस शहर को 'बॉस्टन ऑफ इंडिया' इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यहां अडानी ग्रुप, निरमा डेटर्जेंटस और जयडस कैडिला जैसी कई बड़ी आईटी कंपनियां मौजूद हैं। जिन्होंने जीडीपी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही अहमदाबाद भारत की सबसे पहले यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज सिटी भी है।

# ग्वालियर में है दुनिया का एक ऐसा अकेला मंदिर

## जहां विश्व के सबसे पुराने लिखित 'जीरो' की हुई थी खोज

पर्यटन की दृष्टि से मध्य प्रदेश काफी समृद्ध राज्य है। यहां काफी संख्या में धार्मिक चीजों से जुड़े लोगों का आना जाना लगा रहता है। ओरछा, मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में मौजूद है। यहां प्रसिद्ध चतुर्भुज मंदिर भी है, जहां भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। ऐसा कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण 876 ईसा पूर्व में हुआ था। मंदिर शिलालेख पर खुदे विश्व के सबसे प्राचीन ज्ञात शून्य के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता है। आपको बता दें, मंदिर के अंदर, भगवान विष्णु की प्रतिमा और शिलालेख पर शून्य अंकित है। लेकिन इन शून्यों को केवल वहां का टूर गाइड ही आपको दिखा सकता है।

**ग्वालियर का चतुर्भुज मंदिर :** जैसा कि हमने आपको ऊपर बताया, मध्य प्रदेश के ग्वालियर में चतुर्भुज मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। ये मंदिर ग्वालियर फोर्ट के पूर्वी दिशा में स्थित है। मंदिर के अंदर आपक भगवान विष्णु की भी खूबसूरत मूर्ती देख सकते हैं। अगर हम इस मंदिर के इतिहास की बात करें, तो चतुर्भुज का निर्माण साल 876 ई.पू में में करवाया गया था। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर को वैल्लभट्ट के पुत्र और गुर्जर-प्रतिहार वंश के नागरभट्ट के पोते अल्ला ने बनवाया था। हालांकि, इसमें कितनी सच्चाई इस बारे में कहना मुश्किल है।



**दुनिया का सबसे प्राचीन लिखा जीरो :** ग्वालियर मंदिर न सिर्फ भगवान विष्णु को समर्पित मंदिर के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि ये मंदिर यहां अंकित विश्व लोकप्रिय प्राचीन जीरो के लिए भी जाना जाता है। इसकी खासियत की वजह से इस रहस्य को जानने के लिए कई इतिहासकार व पर्यटक देखने लिए यहां अक्सर आते रहते हैं। इस मंदिर को लेकर माना जाता है कि जिस लिखित नंबर ज़ीरों के बारे में हम और आप जानते हैं, उसका सबसे प्राचीन लिखित रिकॉर्ड इस मंदिर में देखा जा सकता है। इस खासियत की वजह से ये मंदिर विशेषज्ञों के लिए रिसर्च का केंद्र बना चुका है।

**मंदिर में जीरो कहां दिखाई देता है :** अगर आप इस मंदिर में जाएंगे, तो यहां की दीवारों में मौजूद 9वीं शताब्दी के शिलालेख पर दो बार '0' लिखा हुआ दिखाई देगा। इस शिलालेख पर 270 ङ्ग 167, पूजा के लिए रोजाना 50 मालाएं दान देने जैसी कई बातें अंकित हैं।

**पुराने लिखे हुए जीरो से जुड़े कुछ और दावे :** फ्रांसीस आर्कोलॉजिस्ट Adhemard Leclere ने 1891 में कुछ ऐसी पांडलिपियों की रिसर्च की, जिसमें एक डॉट को जीरो की तरह उपयोग करते हुए दिखाया गया है। ये डॉट नॉर्थ ईस्ट कंबोडिया के क्रैटी क्षेत्र में मौजूद 'Trapang Prei' नाम की साइट पर एक पत्थर की सतह पर उकेरा गया था।

**बख्शाली पांडुलिपि :** प्राचीन लिखित शून्य की जानकरी बख्शाली पांडुलिपि में भी मिलते हैं। इसकी खोज 1881 में पेशावर के पास बख्शाली गांव के एक खेत में हुई थी।

ये पांडुलिपि 1902 से अब Bodleian Library of O&ford में है। हालांकि इस पांडुलिपि की सटीक जानकारी का पता कोई भी शोधकर्ता अभी तक नहीं लगा पाया है।

# घूमने के लिए बेहतरीन जगह है लोटस वैली

अपने गौरवशाली अतीत के साथ-साथ इंदौर में घूमने के लिए कई बेहतरीन स्थान मौजूद हैं। दुकान और सर्राफा बाजार की हलचल भरी सड़कों से, शहर पर्यटन स्थलों का एक समूह प्रदान करता है, जिसे इंदौर में देखने से नहीं चूकना चाहिए। शहर से कुछ ही दूरी पर, शानदार गुलावट लोटस वैली स्थित है। अपने शांत वातावरण और आश्चर्यजनक दृश्यों के कारण, इसे अक्सर छिपा हुआ रत्न माना जाता है। और चूंकि गुलावट लोटस वैली इंदौर के बहुत पास है, आप आसानी से एक दिन का समय निकाल सकते हैं और अद्भुत जगह की एक छोटी यात्रा का आनंद ले सकते हैं। चाहे आप अपने जीवनसाथी के साथ रोमांटिक आउटिंग की योजना बना रहे हों या पारिवारिक पिकनिक पर, यह एक ऐसी जगह है जहाँ आपको अवश्य जाना चाहिए।

**इन चीजों का लें आनंद :** गुलावट लोटस वैली यशवंत सागर डैम के पीछे वाली पानी से बनी एक प्राकृतिक झील है। अगर आप यहां है तो आपको झील के ऊपर स्थित विचित्र 100 मीटर के पुल की एक झलक अवश्य देखनी चाहिए। यहां से, आपको झील और खूबसूरत कमल का एक मनोरम दृश्य प्राप्त कर सकते हैं, जो इसे इंदौर में दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक बनाता है। पहली किरणों को झील के ऊपर तैरते फूलों को देखना बेहतरीन होता है। आप यहां पर नौका विहार और घुड़सवारी जैसी कुछ गतिविधियों में भी शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, घाटी के पास स्थित हनुमान मंदिर के दर्शन भी कर सकते हैं। जगह की सुंदरता को बढ़ाते हुए, गुलावट घाटी के पास नीलगिरी और बांस के जंगल भी हैं जो आपको प्रकृति की गोद में कुछ समय बिताने का अवसर प्रदान करते हैं। आप जंगल में छोटे तालाब भी देख सकते हैं जहां यशवंत सागर बांध से पानी आता है। आप पास के गुलावट गांव में भी टहल सकते हैं और यहां के स्थानीय लोगों की जीवनशैली के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# भानगढ़ क्यों है भारत की सबसे डरावनी जगह

भानगढ़ किले को एशिया की सबसे डरावनी जगहों में से एक माना जाता है। कई लोग इसे खतरनाक बताते हैं जबकि कई लोग कहते हैं कि यह भूतिया है, लेकिन तथ्य यह है कि रहस्यों से घिरा किला राजस्थान में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। भानगढ़ किला भारत के सबसे प्रेतवाधित स्थान में से एक है। ऐसे में जानते हैं कि क्या भानगढ़ का किला सच में भूतिया है और इससे जुड़ी कुछ रहस्मय बातें।

## डरावना एहसास

जब आप यहां होते हैं, तो आप इसकी राजसी वास्तुकला पर आश्चर्यचकित हो सकते हैं,हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि उन्हें यहां पर अजीब सा एहसास होता है जैसे कि कोई उनका पीछा कर रहा हो। यही कारण है कि इसकी लोकप्रियता के बावजूद, लोग लंबे समय तक किले में घूमने से बचते हैं।

## साधू ने दिया था श्राप

रिपोर्ट्स की मानें तो भानगढ़ किले को गुरु बालू नाथ नामक एक साधु ने शाप दिया था। दरअसल, जिस जगह पर किला बनाया गया है, वह एक बार ऋषि के ध्यान स्थल था, और जब राजा ने उनसे अनुरोध किया कि वह यहां एक किला बनाना चाहते हैं, तो ऋषि एक शर्त पर सहमत हुए कि किले की छाया उन्हें नहीं छूनी चाहिए। राजा ने उसे विश्वास दिलाया कि उसके स्थान पर किले की छाया उसे नहीं छुएगी, हालांकि ऐसा नहीं हुआ और साधु के श्राप ने पूरा गांव नष्ट कर दिया।

## तीन दोस्तों ने की थी रात में रुकने की हिम्मत

भानगढ़ से जुड़ी कई भयानक कहानियां लोगों के पास हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक बार तीन डेयरडेविल्स ने सूर्यास्त के बाद भानगढ़ किला परिसर में रहने का फैसला किया क्योंकि वह वास्तव में प्रेतवाधित है भी या नहीं। हालांकि, एक मशाल से लैस होने के बावजूद, उनमें से एक कुएं में गिर गया, हालांकि उसके दोस्तों ने उसे बचा लिया, और फिर उसे अस्पताल ले जाने के लिए वह दौड़ पड़े। लेकिन इस दौरान तीनों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

## सूर्यास्त के बाद जाना है मना

रात में भानगढ़ किले के अंदर रहना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने भानगढ़ के कई स्थानों पर लोगों को सूर्यास्त के बाद और सूरज उगने से पहले परिसर में रहने के खिलाफ चेतावनी देने के लिए बोर्ड भी लगाए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, जो कोई भी रात में किले के अंदर जाने में कामयाब रहा, वे अपनी कहानी बताने के लिए कभी नहीं लौटे, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि रात में आत्माएं वहां घूमती हैं।

## क्या भानगढ़ का किला भूतिया है?

इसको लेकर अक्सर चर्चा होती रहती है, हालांकि इस पुराने किले की भूतिया सुंदरता से कोई इंकार नहीं कर सकता। लंबे समय से चले आ रहे एक युग का स्थायी प्रमाण, सत्य और कल्पना के रहस्यों में डूबा, भानगढ़ किला देखने लायक जगह है। अपने राजस्थान यात्रा पैकेज में एक निर्देशित टूर जोड़ें, ताकि आप एक गाइड के साथ किले का घूम सकें और किले के इतिहास और इसके आसपास की स्थानीय जानकारी के बारे में ज्यादा जान सकें।

## भानगढ़ के किले का सफर

भानगढ़ का किला राजस्थान में स्थित है। इस किले में आपको राजसी वास्तुकला का नमूना देखने को मिलेगा। लोग यहां कि ऐतिहासिकता देखने के लिए आते हैं। लेकिन भानगढ़ की राजसी ठाट से ज्यादा लोगों का ध्यान वहां के अजीब एहसास पर होता है। ऐसा लगता है कि मानो कोई उनका पीछा कर रहा हो। एक खास बात यह भी है कि अपने अंदर डरावने एहसास को छुपाए रखे इस किले में लोग लंबे समय तक ठहर नहीं पाते। शाम होने से पहले लोगों को भानगढ़ के किले से बाहर निकल जाना होता है। शाम के बाद यहां रुकने की मनाही होती है।



## भारत की सबसे डरावनी जगह भानगढ़ किले से जुडी रोचक बातें

- भानगढ़ किले का निर्माण 17वीं शताब्दी में मान सिंह के छोटे भाई राजा माधो सिंह ने करवाया था। राजा माधो सिंह उस समय अकबर के सेना में जनरल के पद पर तैनात थे। निर्माण के पश्चात् यह किला करीब 300 वर्षों तक फला-फूला और आबाद रहा व् प्राचीन समय में इस किले व् भानगढ़ गांव में लगभग 10000 लोग रहा करते थे।
- भानगढ़ किले को बनाने में अवल दर्जे की कारीगरी का उपयोग किया गया था। इस किलो को बनाने में मजबूत पत्थरों से लेकर, सुन्दर शिल्पकलाएँ, पथरो पर हाथो की कारीगिरी इत्यादि की गयी थी।
- इसके अलावा इस किले में कई मंदिर भी बनाए गए थे।
- भानगढ़ किले को लेकर कहा जाता है इस किले में बेहद सुंदर राजकुमारी रत्नावती रहती थी। जिस पर एक तांत्रिक सिन्धु सेवड़ा का दिल आ गया था और वह राजकुमारी को हासिल करना चाहता था। जिसके लिए उसने तंत्र विद्या का सहारा लिया। परंतु राजकुमारी को इस बात का पहले ही पता चल गया था। इसी कारण तांत्रिक को अपने प्राणो से हाथ धोना पड़ा। परंतु तांत्रिक ने मरने से पहले इस किले को लोगो को श्राप दिया कि कि भानगढ़ किले में रहने वाले सभी व्यक्तियों की जल्दी ही मृत्यु हो जाएगी। उनकी आत्माएं सदैव इस किले में भटकती रहेंगी वो कभी दुबारा जन्म नहीं ले सकेंगी।
- तांत्रिक सिन्धु सेवड़ा की मृत्यु के कुछ समय पश्चात अजबगढ़ और भानगढ़ में घनघोर युद्ध हुआ तथा किले में रहने वाले सभी लोग मारे गए। इस युद्ध में राजकुमारी रत्नावती की मृत्यु हो गयी। उस किले में इतना कत्लेआम मचा कि इसकी चर्चे दूर दूर तक होने लगे। लोग कहते है कि आज भी इस किले में मरने वाले लोगों की आत्माएं घूमती है और चींखती है।
- क्या आप जानते है भानगड किले में आज भी सूरज ढलने के बाद रुकने कि मनाई है। यहां आप सूरज ढलने के बाद नहीं रुक सकते।

## ढिगाल को प्लास्टिक मुक्त बनाने की ली शपथ



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** ढिगाल ग्राम में जीरो प्लास्टिक अभियान के अंतर्गत एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रामसेवक अनिल कुमार ढाका का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। यह पहल पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें गांधी फेलो आरती चांदलकर का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि प्लास्टिक लंबे समय तक नष्ट नहीं होता, जिससे मिट्टी की उर्वरता में कमी आती है, जल स्रोत प्रदूषित होते हैं तथा पशुओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही कपड़े और जूट के थैलों के उपयोग, कचरे के पृथक्करण एवं पुनः उपयोग की आदतों को अपनाने पर भी जोर दिया गया। अभियान में महिलाओं की विशेष और सराहनीय भागीदारी रही। महिलाओं ने बढ़.चढ़कर लोगों को कपड़े के थैलों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने घर-घर जाकर यह संदेश दिया कि बाजार जाते समय प्लास्टिक की थैली के स्थान पर कपड़े या जूट का थैला प्रयोग करें। कुछ महिलाओं ने स्वयं कपड़े के थैले बनाकर ग्रामीणों को उपलब्ध कराने की पहल भी कीए जिससे गांव में सकारात्मक संदेश गया और व्यवहारिक परिवर्तन की भावना विकसित हुई। कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे, दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे तथा अपने गांव को स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देंगे। यह अभियान ढिगाल, जिला परिषद क्षेत्र में जनभागीदारी और संस्थागत सहयोग के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक कदम सिद्ध हुआ।

## नगर के मुख्य मार्गो से निकाली श्याम बाबा की शोभायात्रा



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के सनातन धर्म मंदिर में श्री श्याम भक्त मंडल के तत्वाधान में शुक्रवार देर शाम को 27वीं श्याम बाबा की शोभा यात्रा निकाली गई। समाज सेवी बबलू अवाना, संज्जन मित्तल, सुनीता मितल की मुख्य यजमानी में श्याम भक्त गोपालसिंह व विमश शर्मा ने बाबा का अलौकि श्रृंगार कर विधिवत रूप से निशान की पूजा अर्चना कर श्याम बाबा की शोभायात्रा को रवाना किया।

मंदिर से प्रारंभ हुई श्याम बाबा की शोभायात्रा रंग-गुलाल उड़ाते, नाचते गाते न्यू मार्केट, यादव धर्मशाला, सुभाष मार्केट, एनटीए कॉलोनी, हाट बाजार, थर्ड सेक्टर, जगदंबा मार्केट, सैंट्रल मार्केट, सब्जी मंडी होते हुए देर शाम को सनातन धर्म मंदिर में पहुंच कर संपन्न हुई। देर रात्री को स्थानि, कलाकारों द्वारा श्याम बाबा के भजनों का आयोजन किया गया। श्याम भक्त गोपाल सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह श्याम बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर भंडारे का आयोजन किया जाएंगा। इस मौके पर मंदिर मंत्री विमल शर्मा, राधा कृष्ण, संजय केडिया, राजकुमार टेलर, रमश पांडे, रामचंद्र बेनीवाल, लक्ष्मीनारायण शर्मा, राजेश नारवाल, पंड़ित सुमन तिवाड़ी, राजू जाखल, रामसिह, उत्तम सोलंकी, सतीश, हंशराज, सुलक्षणा शर्मा, माया दवी, शशीबाला, सुनीता, कौशल्या, गीता अग्रवाल, साधुराम, नरोतम सैन, राजेश अग्रवाल, सहित सैंकड़ों श्रृद्धालूओं ने श्याम बाबा की शोभायात्रा में भाग लिया। शनिवार दोपहर साढे बारह बजे श्री श्याम बाबा की ज्योत प्रज्जवलित व पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया जाएंगा।

## गोसाई मेले में कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित



खेतड़ी नगर (नवयत्न)।

गोठड़ा ग्राम पंचायत के गोसाई मंदिर में बाबा गोसाई सेवा समिति के तत्वाधान में बाबा गोसाई मेले का आयोजन किया गया। पुजारी लीलाधर भगत ने विधिवत रूप से बाबा की ज्योत प्रज्जवल्लित कर मेले का शुभारंभ किया। मेले के मुख्य अतिथि सीआई राकेश कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी हरिराम गुर्जर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार बाडेटिया, प्रकाश भरगड़, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अशोक कुमार, सुरेश सैनी मौजूद थे। अतिथियों ने पहलवानों का परिचय करवा कर कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाया। मेले में आस-पास गांव सैंकड़ों श्रद्धांलूओं ने बाबा के माथा टेक कर आर्शिवाद लिया, महिलाओं ने जम कर चाट का स्वाद चखा तो वही बच्चों ने जमकर खरीददारी की। हरीराम गुर्जर ने बताया कि ग्यारह हजार रूपए तक की कुश्ती प्रतियोगिता में हरियाणा, दिल्ली, अलवर, गुरूग्राम सहित आसपास के पहलवानों ने भाग लिया। भादरमल खटाणा, रामेश्वरलाल चनेजा प्रतियोगिता के निर्णायक थे। इस मौके पर सैंकड़ों श्रद्धांलूओं ने बाबा के दरबार में धोक लगा कर मन्नते मांगी।

# सीएसआईआर नेट-जेआरएफ परीक्षा में महात्मा गाँधी कॉलेज ने लहराया परचम

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महात्मा गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्रीमाधोपुर के विद्यार्थियों का यूजीसी द्वारा आयोजित सीएसआईआर नेट-जेआरएफ राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा, जूनियर रिसर्च फ्रेलोशिप में चयन हुआ। यूजीसी के निर्देशन में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित सीएसआईआर नेट-जेआरएफए पीएचडी एंट्रेंस परीक्षा में महाविद्यालय के पांच विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की।

कार्यालय सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ विरेन्द्र यादव, उपप्राचार्य विजेंद्र पूनिया, ममता यादव द्वारा माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर, प्रतीक चिन्ह प्रदान सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों को सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया की चीनू अग्रवाल पुत्री पवन कुमार अग्रवाल, निवासी भादवाड़ी ने भौतिक विज्ञान विषय में जेआरएफ 105 वीं रैंक लगातार तीन बार नेट, सुरेन्द्र कुमार सैनी पुत्र दीनदयाल सैनी, निवासी चौकड़ी वाली ढाणी, श्रीमाधोपुर ने जन्तु विज्ञान विषय में जेआरएफ132 वीं रैंक, अनुराधा सैनी पुत्री राधेश्याम सैनी, निवासी-पोलादास ने रसायन विज्ञान विषय में 81 वीं रैंक, अंकिता शर्मा पुत्री राकेश कुमार शर्मा, निवासी-अजीतगढ़ ने 44वीं रैंक तथा उषा सैनी पुत्री शंकर लाल सैनी, निवासी-बस्सी ने जन्तु विज्ञान विषय में 42 वीं रैंक से नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त की। विद्यार्थियों ने सफलता का श्रेय महाविद्यालय परिवारए गुरुजनों व माता.पिता को दिया। विजेंद्र पूनिया ने बताया की महाविद्यालय राजस्थान का एकमात्र महाविद्यालय है जिसने 2010 से लगातार अनेक विषयों में अब तक अनेक विद्यार्थियों का नेट परीक्षा में चयन दिया है। महाविद्यालय में नेट जेआरएफ की तैयारी स्नातकोत्तर कक्षाओं के साथ निःशुल्क करवाई जाती है। यह एकमात्र महाविद्यालय है जो 2016 से लगातार विश्वविद्यालय मे गोल्ड मेडल भी प्राप्त कर रहा है। विद्यार्थियों के महाविद्यालय पहुंचने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय ने आईएएस में भी चयन दिया है।

इस अवसर पर विज्ञान संकाय प्रभारी प्रमोद वर्मा, कला संकाय प्रभारी शिवप्रसाद यादव, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत, श्याम सामोता, धर्मपाल बिजारणिया, जितेन्द्र सिंह दायमा, बृजमोहन यादव, दीपेंद्र वर्मा, विक्रम शर्मा, विजयपाल सिंह, ग्यारसी लाल यादव सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## देर रात्रि तक चंग की थाप पर थिरके फाग रसिया



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** देश भर में होली का त्योहार मनाया जा रहा है। राजलदेसर में विशेष कर बाजारों में रौनक बढ़ गयी है। रंगों का खुमार हवाओं में दिखने लगा है, हर तरफ उल्लास का माहौल है इसी के तहत गुरुवार देर रात्रि को राजलदेसर में मालासी बास राजाणा चंग पार्टी के द्वारा शानदार चंग की थाप पर प्रस्तुति देखने के लिए मिली।

राजलदेसर की गलियों में होली के अवसर पर परम्परागत वाद्ययंत्र की थाप पर सैंकड़ों बच्चे, युवा व बुजुर्ग शाम ढलने के साथ ही चंग बजाते और होली के गीत गाकर नाचते हुए नजर आने लगे है लोक कला संस्कृति से जुड़ी परंपराओं को युवाओं ने आत्मसात कर रखा है।

बताते चले कि चंग की गूंज और बांसुरी की धुन पर थिरकते कलाकारों के पांवों में घुंघरुओं की खनक जैसे तेज हुई तो ऐसे लगा जैसे राजस्थान की संस्कृति धरातल पर उतर आई हो गौरतलब हो की यह सिलसिला 400 वर्षों से जारी है विभिन्न वेशभूषा धारण किए मेहरियो ने सबको आकर्षित किया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व फाग रसिया मौजूद रहे।

## अभ्युदय भवन व उपासक साधना केन्द्र का हुआ लोकार्पण



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शुक्रवार को सुधर्मा सभा में आयोजित मुख्य मंगल प्रवचन कार्यक्रम में आचार्य श्री महाश्रमण ने क्यों करें विनय विषय को विवेचित करते हुए कहा कि प्रश्न हो सकता है कि विनय क्यों करना चाहिए। विनय करने से क्या लाभ हो सकता है। सामान्य प्राणी भी बिना प्रयोजन के कोई कार्य नहीं करता है। विनय के विषय में बात करें तो मानए और कषाय को दूर करने एक माध्यम है.विनय। अहंकार को दूर करने के लिए विनय का प्रयोग करना चाहिए। कहा गया है कि अबाध, निर्बाध सुख प्राप्त करना है, उसके लिए मोक्ष की प्राप्ति आवश्यक है। चारित्र के पालन से मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। ज्ञान से दर्शन की प्राप्ति और फिर चारित्र की प्राप्ति होती है। ज्ञान प्राप्ति के लिए विनय की परम आवश्यकता होती है। गुरुदेव जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा द्वारा नवनिर्मित अभ्युदय भवन एवं उनके अंतर्गत बने उपासक साधना केन्द्र में पधारे। भवन के निर्माणकर्ता व अनुदान दाता जयंतीलाल सुराणा व उपासक श्रेणी के संयोजक सूर्यप्रकाश श्यामसुखा ने भी अपनी भावाभिव्यक्ति दी। आचार्यश्री ने मंगल आशीर्वाद प्रदान करने के साथ उपस्थित उपासक-उपासिकाओं को विधिवत प्रशिक्षण प्रदान करते हुए उपासक साधना केन्द्र का प्रायोगिक शुभारम्भ भी किया।

## दो दिवसीय श्याम फागुन महोत्सव का शुभारंभ

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड क्षेत्र के त्यौन्दा गांव में दो दिवसीय श्याम फागुन महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। श्याम दीवाना संघ के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव की शुरुआत गाजे-बाजे और भक्ति रस के माहौल के बीच कलश यात्रा से की गई। इससे पूर्व पंडित सुरेश शास्त्री ने कलश पुजन करवाया गया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होना संस्कृति को बढ़ावा देना जैसा है। इससे सनातन धर्म के प्रचार प्रसार को बढ़ावा मिलता है। धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने से मनुष्य के विचारों में परिवर्तन होता है। वही बुरे कर्मों को छोड़कर सच्चाई की राह पर चलने की प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए तथा जीव जंतुओं की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर निर्माण से गांव में धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई मजबूती मिलेगी। इस दौरान कल्याण जी मंदिर से श्याम मंदिर तक निकाली गई। कलश यात्रा में 351 महिलाओं ने भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों और जयकारों के साथ शोभायात्रा में हिस्सा लिया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। श्याम मंदिर पहुंचने पर विधिवत पूजा.अर्चना के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया गया। आयोजन स्थल पर भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक प्रस्तुतियां और भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर नरेंद्र अग्रवाल, मुरारीलाल, चिरंजीलाल, राजाराम, अशोक कुमार, महावीर सिंह, मंगतुराम, अजय कुमार, महेंद्र कुमार, महिपाल सिंह, ग्यारसीलाल, पायल, संजू, संतोष देवी, सुनीता, कृष्णा, कविता, ममता, निर्मला देवी, नीलम, विमला देवी, राजबाला सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## परंपरागत फाग उत्सव आज

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** श्री राजपूत सभा के तत्वावधान में शनिवार को राजपूत समाज की महिलाओं द्वारा परम्परागत फागोत्सव अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह भव्य कार्यक्रम दोपहर 2:15 बजे से सायं 5 बजे तक सभा भवन के प्रांगण में आयोजित होगा। उत्सव का मुख्य संयोजन एवं संचालन सभा-कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सुमन कंवर बाबरा एवं सहमंत्री पृथ्वी सिंह कालीपहाड़ी द्वारा किया जाएगा। इस फागोत्सव में क्षत्राणियां पारम्परिक राजस्थानी पोशाक, लहरियों के फाल्गुनी पहनावे और आभूषणों से सुसज्जित होकर अपनी पूर्ण सहभागिता निभाएंगी। कार्यक्रम के दौरान समाज की महिलाएं फाल्गुनी लोक गीतों के सामूहिक गायन के साथ राजस्थानी घूमर और नृत्य की मोहक प्रस्तुतियाँ देंगी। उत्सव के दौरान परस्पर हंसी-ठिठोली, पुष्प वर्षा और अबीर-गुलाल के तिलक से वातावरण को फाल्गुनी रंगों से सराबोर किया जाएगा। विशेष रूप से इस अवसर पर नई नवेली बीनणियों, बालिकाओं और नवागन्तुक महिलाओं को आपसी परिचय करने तथा सामाजिक विषयों पर विचारों के आदान-प्रदान का सुअवसर प्राप्त होगा।

## श्याम बाबा को पालकी में बैठाकर करवाया नगर भ्रमण

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे में शुक्रवार को फाल्गुनी एकादशी पर ग्रामीणों की ओर से बाबा श्याम की निशाना यात्रा निकाली गई। इस दौरान बाबा श्याम को पालकी मे बैठाकर नगर भ्रमण करवाया गया। अजीत अस्पताल के पास से पुजा अर्चना व महाआरती के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। श्याम भक्त निकेश पारीक ने बताया कि खेतड़ी कस्बे में श्याम भक्तों की ओर से पूरे शहर मे बाबा श्याम को नगर भ्रमण करवा जाता है। इस दौरान महिलाएं व पुरूष हाथों में निशाना लेकर निशान यात्रा मे भाग लेते है। उन्होंने बताया कि यह निशान यात्रा पिछले काफी समय से निकाली जा रही है। इसे आज भी उसी परंपरा के अनुसार निर्वहन किया जा रहा है। प्रदेश में फागुन माह में बाबा श्याम के मेले का आयोजन खाटू में किया जाता है, जिससे क्षेत्र के हजारों लोग पदयात्रा कर बाबा श्याम के मंदिर तक पहुंचते हैं। उसी के तहत खेतड़ी कस्बे मे जगह-जगह बाबा श्याम के दरबार सजाए जाते हैं। कस्बे में सड़क किनारे पंडाल सजा कर बाबा श्याम के दरबार पहुंचने वाले पैदल श्रद्धालुओं की सेवा के शिविर भी लगाए जाते हैं तथा खाने-पीने के अलावा चिकित्सा सुविधा भी मुहैया करवाई जाती है। बाबा श्याम की निशान यात्रा एसडीएम कोर्ट, मुख्य बस स्टैंड, मुख्य बाजार, हनुमानगढ़ी, करोल बाजार, चूड़ी गट्टा, मुख्य बाजार, चूना चौक से होती हुई बाबा श्याम के मंदिर परिसर में पहुंची। इस दौरान बाबा श्याम के भक्तों ने रंग गुलाल उड़ा कर फाग उत्सव भी मनाया। कस्बे में निकाली गई श्याम निशान यात्रा व बाबा श्याम की झांकी का ग्रामीणों ने जगह-जगह फूलों से स्वागत किया। नगर भ्रमण के बाद पदयात्री 251 निशान के साथ खाटू धाम के लिए रवाना हुए। इस मौके पर नंदकिशोर चौकड़ीवाला, एडवोकेट संजय सुरोलिया, उमाकांत शर्मा, एडवोकेट पीयुष सुरोलिया, प्रदीप, कैलाश चंद, राधेश्याम शर्मा सिहोड़, डॉ श्याम शर्मा, राजेश कुमावत, अनिता, वर्षा, सरोज, बिमला देवी, सुमन, आरती, सुनीता, रितु सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## सत्यवादी वीर तेजाजी धाम में एक मार्च को होगा फागोत्सव

**जयपुर ( नवयत्न )।** सत्यवादी वीर तेजाजी धाम एवं तेजेश्वर महादेव मंदिर के तत्वावधान में फाल्गुन मास के उपलक्ष्य में एक मार्च 2026 रविवार को फाग उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सायं 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक आयोजित होगा। मंदिर पुजारी मूलचंद शर्मा के अनुसार फाग उत्सव के दौरान भजन-कीर्तन एवं रंगों के साथ भक्तिमय संगीतमय प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

श्रद्धालुजन फाग के पारंपरिक गीतों के साथ भगवान तेजाजी के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। आयोजन का उद्देश्य फाल्गुन माह की आध्यात्मिक भावना को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करना है। पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम मुख्य सोडाला जयपुर स्थित पुराना तेजाजी मंदिर में रखा गया है।

# बजट दोगुना होने से दुग्ध किसानों को नई तकनीकों तक पहुंच प्राप्त करने में मदद मिलेगी : जवाहर सिंह बेडम

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड एनडीडीबी तथा इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज द्वारा आयोजित दो दिवसीय भव्य डेयरी एवं पशुपालन कार्यक्रम रंगीलो का शनिवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। यह आयोजन कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर, जयपुर राजस्थान में हो रहा है। इस कार्यक्रम में गिर, साहीवाल, थारपारकर, राठी, हरियाणा, कांकरेज, पुंगनूर और नागोरी जैसी स्वदेशी गायों की नस्लोंय मुर्रा, नीली रावी और जाफराबादी जैसी भैंस नस्लों साथ ही बकरी, भेड़ और ऊँटों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एचएफ और जर्सी क्रॉसब्रेड सहित विदेशी नस्ल की गायें भी आकर्षण का केंद्र हैं। इस आयोजन में राज्य एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, डेयरी किसान, छात्र, दुग्ध प्रसंस्करण इकाइयाँ, डेयरी सहकारी संस्थाएँ, कृषि-उद्यमी, मूल्य संवर्धित उत्पाद निर्माता, उद्योग विशेषज्ञ और शोधकर्ता बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में राजस्थान सरकार के गृह एवं पशुपालन विभाग के माननीय राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनडीडीबी के अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह, एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज के प्रबंध निदेशक सीपी देवानंद एराजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन की प्रबंध निदेशक रुति तथा कार्यक्रम स्थल विश्वविद्यालय के कुलपति पुष्पेंद्र चौहान सहित कई विशिष्ट अतिथि मंचासीन रहे। उद्घाटन समारोह में राजस्थान सरकार के गृह एवं पशुपालन विभाग के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि वह समझ सकते है कि डेयरी सेक्टर में काम करने वाले लोग, मेहनतकश मजदूर, किसान जो पशुपालन करके दुग्ध उत्पादन का काम करते हैं, उनकी समृद्धि के लिए सरकार के द्वारा किए जा रहे प्रयास और अधिकारी स्तर पर उसका किया जा रहा एग्जीक्यूशन, उस सबका समन्वय करते हुए हम इस सेक्टर को और मजबूती कैसे प्रदान कर सकते हैं, उसके लिए आज का यह मेला जो दो दिन चलेगा, हमारे-आपके लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। यहाँ कई हमारे रिसर्चर भी आए होंगे जो नए-नए इनोवेशन करने के लिए हमेशा रिसर्च करते रहते हैं। और इन दिनों में आप देख रहे होंगे भारत की सरकार ने भी डेयरी उत्पादों को अधिक से अधिक उपयोग में लेकर हम किसान को कैसे मजबूत कर सकते हैं उस पर बल दिया है। और प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हम साधुवाद और आभार व्यक्त करेंगे कि उन्होंने इस बजट में हमारे डेयरी सेक्टर को मजबूत करने के लिए न्यू इनोवेशन नई तकनीकी, मशीन, प्रशिक्षण और अन्य जो भी है, जो 1000 करोड़ रुपये का बजट था उसको बढ़ाकर 2000 करोड़ रुपये का इसी बजट में घोषित किया है।

## प्रगति लैब में कम्प्यूटेशनल थिंकिंग सीख रहे नौनिहाल

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अभिनव पहल पर शिक्षा नवाचारों के माध्यम से शैक्षिक परिदृश्य में सुदृढ़ हो रहा है। शिक्षा विभाग, चूरू द्वारा जिले में एफआईए के सहयोग से संचालित ष्प्रगति लैबष् कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। इस पहल के तहत नौनिहाल को सोशल इमोशनल लर्निंग, एआई, एंटरप्रेन्योरशिप एवं कम्प्यूटेशनल थिंकिंग जैसी 21 वीं सदी की आवश्यक दक्षताओं पर काम कर रहे हैं। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के अनुरूप है, जो विद्यार्थियों को आवश्यक कौशल विकास की दिशा में कार्य करती है।

### जिले के 11 स्कूलों में संचालित हैं प्रगति लैब

जिले में स्कूल शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में जिले के 11 स्कूलों में प्रगति लैब संचालित किए जा रहे हैं। जिले की राउमावि राणासर, कुनसीसर, साडसर, रिड़खला, गाजसर, देपालसर, ढाढ़रिया बणीरोतान, आसलखेड़ी, महात्मा गांधी स्कूल खासोली व केजीबीवि चूरू आदि 11 स्कूलों में संचालित प्रगति लैब में इन विद्यालयों के कक्षा 06 से 08 वीं तक के करीब 700 से अधिक विद्यार्थियों को पारंपरिक रटने की पद्धति से हटकर गतिविधि-आधारित एवं प्रोजेक्ट-आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से सीखने का अवसर मिल रहा है। कम्प्यूटेशनल थिंकिंग के अंतर्गत बच्चों को समस्या समाधान की तार्किक प्रक्रिया, पैटर्न पहचान, एल्गोरिदमिक सोच, डिकम्पोजिशन और क्रमबद्ध विश्लेषण जैसी क्षमताएं विकसित कराई जा रही हैं। इससे विद्यार्थियों में कोडिंग, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीक के प्रति प्रारंभिक समझ विकसित हो रही है। सोशल इमोशनल लर्निंग के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता, भावनात्मक संतुलन और सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो उनके समग्र व्यक्तित्व विकास में सहायक है।

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज

निसं

**नवलगढ़ (नवयत्न)।** होली स्नेह मिलन के अवसर पर 28 फरवरी शनिवार को टोंक ढाका की ढाणी में अखील भारतीय विशाल कवि सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है इस मौके पर जाने माने राष्ट्रीय हास्य कवि तथा टीवी एंकर जयपुर से गजेन्द्र कविया, देहली से मनीषा सक्सेना अजमेर से सोहनदान चारण, डिग से मेघश्याम मेघ, चुरू से जनकवि हरिराम आदि हास्य कवियों द्वारा फाल्गुन के महीने में जोरदार कार्यक्रम आयोजित होगा । कवि सम्मेलन टोंक ढाका की ढाणी के मुख्य चौक में शाम सात बजे से शुरू होगा । जिसमें पूर्व सासद नरेंद्र खीचड़, पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा एसमाज सेवी हरफूल सिंह मुंड, भामाशाह वह डीपीएस के सचिव बीएल रनवा सीकर उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल बतौर अतिथि होंगे । कवि सम्मेलन शाम सात बजे से आयोजित होगा इस दौरान बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे।

## ठाकुरजी को अर्पित गुलाल का मिला प्रसाद

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय की प्रधान पीठ श्री सरस निकुंज में गुरुवार को आमलकी एकादशी और फाल्गुन की रंग भरी ग्यारस के उपलक्ष्य में फाग उत्सव आयोजित किया गया। श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में प्रातरू काल श्री ठाकुर जी सरकार के नित्य सेवा क्रम के साथ विशेष सुगंधित केसर-चंदन से जलाभिषेक किया गया। शाम को श्री सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया के निर्देशन में होली के पदों से ठाकुरजी को रिझाया गया। फूलों की होली आकर्षण का केन्द्र रही। ठाकुरजी को रंग-बिरंगी गुलाल अर्पित की गई। यही गुलाल भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरित की गई। इस गुलाल से ही श्रद्धालु सबसे पहले होली खेलेंगे।

## श्याम मंदिरों में रही भजन संध्याओं की धूम

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** फाल्गुन शुक्ल एकादशी को विश्व प्रसिद्ध खाटू श्यामजी मंदिर की तर्ज पर छोटीकाशी के सभी श्याम मंदिरों में उत्सवी वातावरण रहा। श्याम प्रभु का मन मोहक श्रृंगार कर अखंड ज्योति जलाई गई। भक्तों ने अबीर-गुलाल उड़ाते हुए फाल्गुनी भजनों से रिझाया। रामगंज बाजार के कांवटियों का खुर्रा स्थित प्राचीन श्याम मंदिर में रंगभरी एकादशी महोत्सव भक्तिभाव से मनाया गया। रंग-बिरंगे फूलों से बाबा का श्रृंगार कर अखंड ज्योति प्रज्जवलित की गई। महिलाओं ने भजनों से बाबा को रिझाया। गलता गेट स्थित मंदिर श्री गीता गायत्री श्याम मंदिर में पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सान्निध्य में रंग भरी एकादशी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। मंदिर प्रवक्ता नितीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि इस अवसर पर बाबा श्याम का पंचामृत से अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई गई। गुलाल से रंगी मालाओं से बाबा श्याम का रंग-रंगीला श्रृंगार किया। पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता से गुंजायमान हो उठा। जगतपुरा, शास्त्रीनगर, झोटवाड़ा

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज

निसं

**नवलगढ़ (नवयत्न)।** होली स्नेह मिलन के अवसर पर 28 फरवरी शनिवार को टोंक ढाका की ढाणी में अखील भारतीय विशाल कवि सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है इस मौके पर जाने माने राष्ट्रीय हास्य कवि तथा टीवी एंकर जयपुर से गजेन्द्र कविया, देहली से मनीषा सक्सेना अजमेर से सोहनदान चारण, डिग से मेघश्याम मेघ, चुरू से जनकवि हरिराम आदि हास्य कवियों द्वारा फाल्गुन के महीने में जोरदार कार्यक्रम आयोजित होगा । कवि सम्मेलन टोंक ढाका की ढाणी के मुख्य चौक में शाम सात बजे से शुरू होगा । जिसमें पूर्व सासद नरेंद्र खीचड़, पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा एसमाज सेवी हरफूल सिंह मुंड, भामाशाह वह डीपीएस के सचिव बीएल रनवा सीकर उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल बतौर अतिथि होंगे । कवि सम्मेलन शाम सात बजे से आयोजित होगा इस दौरान बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे।

## ठाकुरजी को अर्पित गुलाल का मिला प्रसाद

निसं

जयपुर (नवयत्न)। सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय की प्रधान पीठ श्री सरस निकुंज में गुरुवार को आमलकी एकादशी और फाल्गुन की रंग भरी ग्यारस के उपलक्ष्य में फाग उत्सव आयोजित किया गया। श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में प्रातरू काल श्री ठाकुर जी सरकार के नित्य सेवा क्रम के साथ विशेष सुगंधित केसर-चंदन से जलाभिषेक किया गया। शाम को श्री सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया के निर्देशन में होली के पदों से ठाकुरजी को रिझाया गया। फूलों की होली आकर्षण का केन्द्र रही। ठाकुरजी को रंग-बिरंगी गुलाल अर्पित की गई। यही गुलाल भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरित की गई। इस गुलाल से ही श्रद्धालु सबसे पहले होली खेलेंगे।

# भजनों से किया श्याम प्रभु का गुणगान

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मुरलीपुरा के विकास नगर स्थित श्री श्याम मंदिर में एकादशी पर महिलाओं ने फाल्गुनी भजनों की प्रस्तुतियां दीं। श्री श्याम प्रभु का विशेष श्रृंगार किया गया। पुष्प वर्षा पर महिलाओं ने भजन गाए। एक मार्च को शाम पांच बजे से यहां फागोत्सव का आयोजन होगा।

### श्याम रंग में रंगी सीकर रोड

एकादशी के उपलक्ष्य में भक्ति, उल्लास और सामाजिक समरसता का संगम उस समय देखने को मिला, जब श्री श्याम मंदिर सेवा समिति, विजयबाड़ी के तत्वावधान में 1100 ध्वजों की षष्ठम निशान पदयात्रा जयकारों के साथ निकाली गई।

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने ढेहर का बालाजी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर ध्वज दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्यजन उपस्थित रहे। पदयात्रा खेतान हॉस्पिटल चौराहा, अलका सिनेमा, रोड नंबर 01 गौरस भंडार, प्रताप नगर चौराहा और भोमियां जी का मंदिर होती हुई विजयवाड़ी पथ नंबर सात स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में



श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर पदयात्रियों का स्वागत किया। हारे के सहारे की जय हो और तीन बाण धारी की जय हो से सीकर रोड का वातावरण भक्तिमय हो उठा। भजनों की मधुर धुनों और ढोल-नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। पदयात्रा में सुसज्जित हाथी, घोड़े, ऊंट, बैंड-बाजों का लवाजमा साथ चल रहा था। आकर्षक झांकियां और रंगीन आतिशबाजी ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में निशान लेकर चल रही थीं, वहीं युवा वर्ग पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुआ। मार्ग में जगह-जगह जलपान और सेवा शिविर लगाए गए, जहां श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पेय, फल और प्रसाद की व्यवस्था की गई। सेवा भाव से ओतप्रोत स्वयंसेवक व्यवस्था संभालते नजर आए।

# महावीर जयंती पर 2625 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य

निसं




**जयपुर (नवयत्न)।** पूरे विश्व को जीओ और जीने दो का संदेश देने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर राजस्थान जैन सभा जयपुर द्वारा मानवता की सेवा को समर्पित एक विशाल रक्तदान सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान पूरे मार्च माह में आयोजित होगा। जिसमें प्रदेशभर के 108 विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। सभा द्वारा इस अवसर पर 2625 यूनिट रक्त एकत्रित करने का संकल्प लिया गया है। राजस्थान जैन सभा जयपुर के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन एवं महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि यह अभियान भगवान महावीर के करुणा, अहिंसा और मानव कल्याण के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने का एक सशक्त प्रयास है। श्जीवो और जीने दोश् के पावन संदेश को आत्मसात करते हुए यह आयोजन समाज सेवा की भावना को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि रक्तदान को महादान मानते हुए सभा ने युवाओं, महिलाओं एवं समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता का आह्वान किया है। मुख्य संयोजक राजीव पाटनी के मुताबिक विभिन्न जोन एवं शाखाओं के माध्यम से व्यापक तैयारियां की गई है, ताकि प्रत्येक शिविर सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संचालित हो सके।

# निशान यात्रा में उमड़ा आस्था का जन सैलाब



निसं

**रींगस (नवयत्न)।** श्याम श्रद्धालुओ की ओर से तोरण द्वार से विशाल निशान यात्रा निकाली गई। 31 सौ से अधिक भक्तो ने हाथे में निशान लेकर बाबा के जयकारे करते हुए निशान यात्रा निकाली। निशान यात्रा का अनेक स्थानो पर भव्य स्वागत किया गया। अनेक स्थानों पर पुश्प वर्षा की गई। निशान पदयात्रा तोरण द्वार से होते हुए मठ मंदिर श्याम मंदिर गेटए सीटी बस स्टैण्ड, नगर पालिका होते हुए सरकारी अस्पताल रोड से आजाद चौक होते हुए श्याम मंदिर में पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने डीजे पर बज रहे श्याम के भजनों पर जमकर नृत्य किया। निशान यात्रा को देखने के लिए छतों पर सडको पर लोगों की भीड जुट गई।

बाहर से आ रहे श्रद्धालुओ ने भी निशान पदयात्रा का आनन्द लेते हुए भजनों पर झूम पड़े। यात्रा का नेतृत्तव कर रहे श्याम सेवक महेन्द्र सिंह ने बताया कि यात्रा में 31 सौ से अधिक श्रद्धालुओ ने हिस्सा लिया। इसमें महिलाओ की जोरदार भागीदारी रही। इस दौरान गोविन्द शर्मा अमित शर्मा, प्रदीप कुमावत, मुकेश कलाल राजकुमार काबरा, मोनू झाला सहित सैकडो महिला पुरुष मौजूद थे।

## विधायक कार्यकर्ताओं पर एनएसयूआई प्रदेश महासचिव से मारपीट का आरोप

निसं

जयपुर (नवयत्न)। राजधानी में खींवसर विधायक के कार्यकर्ताओं पर एनएसयूआई प्रदेश महासचिव के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। इस संबंध में पीड़ित ने ज्योति नगर थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस के अनुसार नागौर के खींवसर निवासी एनएसयूआई प्रदेश महासचिव अनिल सारण 22 ने शिकायत में बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे वह राजस्थान विधानसभा के सामने स्थित विधायक आवास में जनप्रतिनिधियों से मिलने पहुंचे थे। वह किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी से मुलाकात करने जा रहे थे। इसी दौरान लिफ्ट में खींवसर विधायक रेवंतराम डांगा का ड्राइवर मौजूद था, हालांकि लिफ्ट में कोई बातचीत नहीं हुई। पुलिस के अनुसार विकास चौधरी के विधानसभा में होने की जानकारी मिलने पर वह भोपालगढ़ विधायक गीता बरवड़ से मिलने उनके फ्लैट पर पहुंचे। वहां बैठे होने के दौरान उन्हें विधायक रेवंतराम डांगा के सोशल मीडिया इंचार्ज के नाम से व्हाट्सएप कॉल आया। जिसमें किसी काम के बहाने नीचे बुलाया गया। पीड़ित का आरोप है कि बिल्डिंग के नीचे पहुंचने पर 8-10 लोग पहले से खड़े थे। उनके पास जाते ही रविंद्र डांगा, सुरेंद्र डांगा और ड्राइवर सहित अन्य लोगों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। किसी तरह वहां से भागकर उन्होंने अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राधा कृष्ण मंदिर में फागोत्सव कल

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** दादी का फाटक मुरलीपुरा के विकास नगर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में एक मार्च को दोपहर एक से शाम पांच बजे तक रंग रंगीला फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महंत पं. श्याम सुंदर चतुर्वेदी और मनु महाराज के सान्निध्य में शुक्रवार को विकास नगर विकास समिति और गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के कार्यकर्ताओं ने आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। समिति के अध्यक्ष पन्नालाल तंवर ने बताया कि फागोत्सव में फाल्गुनी भजनों की प्रस्तुतियां दीं जाएंगी। प्रख्यात कलाकार राधा-कृष्ण का स्वरूप बनकर रास लीला करेंगे। मयूर नृत्य के बाद जमकर फूलों की होली खेली जाएगी। चंग-ढप की थाप पर शेखावाटी धमाल होगी। इस मौके पर अनेक विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। फागोत्सव से पूर्व सुबह 8 से 10 बजे तक नव विवाहित दंपतियों के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना के साथ गायत्री महायज्ञ होगा। शुक्रवार को घर-घर जाकर लोगों को यज्ञ और फागोत्सव का आमंत्रण दिया गया।

शिव हनुमान मंदिर में फागोत्सव कल

श्री शिव दुर्गा हनुमान मंदिर सेवा न्यास के तत्वावधान में मंदिर संचालन एवं सेवा समिति की ओर से मुरलीपुरा स्थित श्री शिव-हनुमान मंदिर में दोपहर दो से शाम साढ़े छह बजे तक 1 मार्च को श्री श्याम बाबा का फाग उत्सव का आयोजन किया जाएगा। बाबा श्याम की आकर्षक एवं मनमोहक झांकी सजाई जाएगी। पं. कृष्णा शर्मा ने बताया कि छप्पन भोग अर्पण, इत्र वर्षा तथा सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। साथ ही मंदिर प्रांगण को विशेष रूप से सजाया जाएगा।

## आज सीलवा में होगी विराट हिन्दू धर्म सभा

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** अपने कर्म को ईमानदारी से करने और धर्म की राह पर चलने की सीख हमें विरासत में मिली है। बुजुर्गों ने भी कहा है कि नियत, कर्म और संस्कार आपके व्यवहार से परिलक्षित हो जाते हैं। यह बात भामाशाह नरसी कुलरिया ने शुक्रवार को होटल सागर पैलेस में सीलवा गांव में आयोजित होने वाली विराट हिन्दू धर्मसभा के संबंध में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। नरसी कुलरिया ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृतिए धर्म जागरण और राष्ट्र चेतना के महाआयोजन के रूप में 28 फरवरी 2026 को नोखा के सीलवा गांव स्थित नरसी विला संत श्री दुलारामजी कुलरिया का फलसा में विराट हिन्दू धर्मसभा का आयोजन होगा। भंवर नरसी पूनम कुलरिया परिवार द्वारा आयोजित इस विराट हिन्दू धर्म सभा में साध्वी ऋतम्भरा का पावन सान्निध्य रहेगा। उन्होंने बताया कि भव्य मंच के साथ ही लगभग 25 हजार श्रद्धालुओं के बैठने सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू किया जा रहा है। 28 फरवरी, शनिवार सुबह लगभग 11:15 बजे साध्वी ऋतम्भरा का नरसी विला में आगमन होगा। इससे पूर्व सींथल पीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 श्री क्षमारामजी महाराज का आशीर्वचन होगा। आसपास के लगभग 80 गांवों के ग्रामीणों सहित हजारों श्रद्धालुओं को साध्वी ऋतम्भरा के आशीर्वचन सुनने को मिलेंगे। सनातन विचारधारा के प्रखर समर्थक नरसी कुलरिया ने बताया कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य यही है कि गांव के लोगों को गांव में ही संत.महात्माओं की वाणी और धर्मज्ञान को जानने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े शनिवार दोपहर 3.05 बजे वायु मार्ग से मूलवास-सीलवा हैलीपेड पहुंचेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम भी मुख्य रूप से शामिल होंगे। आयोजन स्थल तक पहुंचने वाले मार्ग को भगवा ध्वज, तोरण द्वार और आकर्षक स्वागत द्वारों से सजाया गया है। नरसी विला परिसर को मंदिर शैली में अलंकृत किया गया है। कार्यक्रम के दौरान 65 फीट ऊंची मां भारती के प्रतिरूप एवं धर्म ध्वजा की स्थापना का लोकार्पण भी किया जाएगा।

## चलती रोडवेज बस में लगी आग यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मानसरोवर थाना इलाके में शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया, जब चलती राजस्थान रोडवेज की बस में अचानक आग लग गई। घटना करीब 2:40 बजे मानसरोवर रीको चौराहा के पास हुई। बस में सवार करीब 70 यात्रियों ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। राजस्थान रोडवेज की यह बस सिंधी कैंप से केकड़ी के लिए रवाना हुई थी। मानसरोवर से सांगानेर की ओर जाते समय अचानक बस से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को तुरंत सड़क किनारे रोक दिया और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। मानसरोवर फायर स्टेशन की फायरमैन शकुंतला सैनी के अनुसार शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग वायरिंग के जरिए इंजन तक पहुंच गई, जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से बस पूरी तरह जलकर कबाड़ में बदल गई, हालांकि हादसे में किसी यात्री के झुलसने या घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## राधा कृष्ण मंदिर में फागोत्सव कल

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** दादी का फाटक मुरलीपुरा के विकास नगर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में एक मार्च को दोपहर एक से शाम पांच बजे तक रंग रंगीला फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महंत पं. श्याम सुंदर चतुर्वेदी और मनु महाराज के सान्निध्य में शुक्रवार को विकास नगर विकास समिति और गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के कार्यकर्ताओं ने आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। समिति के अध्यक्ष पन्नालाल तंवर ने बताया कि फागोत्सव में फाल्गुनी भजनों की प्रस्तुतियां दीं जाएंगी। प्रख्यात कलाकार राधा-कृष्ण का स्वरूप बनकर रास लीला करेंगे। मयूर नृत्य के बाद जमकर फूलों की होली खेली जाएगी। चंग-ढप की थाप पर शेखावाटी धमाल होगी। इस मौके पर अनेक विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। फागोत्सव से पूर्व सुबह 8 से 10 बजे तक नव विवाहित दंपतियों के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना के साथ गायत्री महायज्ञ होगा। शुक्रवार को घर-घर जाकर लोगों को यज्ञ और फागोत्सव का आमंत्रण दिया गया।

### शिव हनुमान मंदिर में फागोत्सव कल

श्री शिव दुर्गा हनुमान मंदिर सेवा न्यास के तत्वावधान में मंदिर संचालन एवं सेवा समिति की ओर से मुरलीपुरा स्थित श्री शिव-हनुमान मंदिर में दोपहर दो से शाम साढ़े छह बजे तक 1 मार्च को श्री श्याम बाबा का फाग उत्सव का आयोजन किया जाएगा। बाबा श्याम की आकर्षक एवं मनमोहक झांकी सजाई जाएगी। पं. कृष्णा शर्मा ने बताया कि छप्पन भोग अर्पण, इत्र वर्षा तथा सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। साथ ही मंदिर प्रांगण को विशेष रूप से सजाया जाएगा।

## वर्ल्ड बेस्ट रोबोट से होंगे मणिपाल हॉस्पिटल में जोड़ प्रत्यारोपण

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मणिपाल अस्पताल में जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी अब और भी आधुनिक हो रही है। विश्वस्तरीय रोबोटिक तकनीक के आने से अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस दौर में मरीजों को इलाज का बेहतर, सुरक्षित और ज्यादा सटीक लाभ मिल सकेगा। जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के हेड एवं रोबोटिक सर्जरी एक्सपर्ट डॉ बीआर बगड़िया ने बताया कि ये हमने जो श्कोरी रोबोटिक सिस्टम लांच किया है ये दुनिया में टॉप यूएसए एफडीए अप्रूव्ड एवं सबसे ज्यादा विकसित और कारगर है। जिसके पक्ष में सबसे ज्यादा स्टडी डेटा और रिसर्च है । डॉ. बीआर बगरिया कंसल्टेंट-ऑर्थोपेडिक्स जॉइंट रिप्लेसमेंट और आर्थ्रोस्कोपिक सर्जरी ने बताया की रोबोटिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी के सीधे फायदे लोगो को मिलेंगे, जिनको दो तरीके से देखे जा सकते है प्रारंभिक समय में देखे तो सर्जरी के दौरान मांसपेशियां कम कटेगी, बोन में छेद नहीं होगा एब्लड लॉस नहीं होगा, प्रोस्थेसिस बहुत सटीक लगेगा, आर्टिफिशियल जोड़ की चाल पूर्णतया बैलेंस रहेगी तो सर्जरी के बाद रिकवरी फास्ट होगी, दर्द कम होगा, मरीज बहुत खुश रहेगा । आगे के अनुसार देखे तो ज्यादा सटीक और बैलेंस जोड़ में वियर एवं टियर कम होगा तो जोड़ की लाइफज्यादा होगी और रिवीजन रेट कम होगी मतलब जोड़ ज्यादा समय तक चलेगा । ये रोबोटिक सिस्टम सबसे ज्यादा पेशेंट एवं डॉक्टर फ्रेंडली है इसका मतलब ये है की सर्जरी को बहुत फास्ट और बेहतरीन सटीकता के साथ करता है । जिसका सीधा फायदा मरीज को होता है।

## विधायक कार्यकर्ताओं पर एनएसयूआई प्रदेश महासचिव से मारपीट का आरोप

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी में खींवसर विधायक के कार्यकर्ताओं पर एनएसयूआई प्रदेश महासचिव के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। इस संबंध में पीड़ित ने ज्योति नगर थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस के अनुसार नागौर के खींवसर निवासी एनएसयूआई प्रदेश महासचिव अनिल सारण 22 ने शिकायत में बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे वह राजस्थान विधानसभा के सामने स्थित विधायक आवास में जनप्रतिनिधियों से मिलने पहुंचे थे। वह किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी से मुलाकात करने जा रहे थे। इसी दौरान लिफ्ट में खींवसर विधायक रेवंतराम डांगा का ड्राइवर मौजूद था, हालांकि लिफ्ट में कोई बातचीत नहीं हुई। पुलिस के अनुसार विकास चौधरी के विधानसभा में होने की जानकारी मिलने पर वह भोपालगढ़ विधायक गीता बरवड़ से मिलने उनके फ्लैट पर पहुंचे।

वहां बैठे होने के दौरान उन्हें विधायक रेवंतराम डांगा के सोशल मीडिया इंचार्ज के नाम से व्हाट्सएप कॉल आया। जिसमें किसी काम के बहाने नीचे बुलाया गया। पीड़ित का आरोप है कि बिल्डिंग के नीचे पहुंचने पर 8-10 लोग पहले से खड़े थे। उनके पास जाते ही रविंद्र डांगा, सुरेंद्र डांगा और ड्राइवर सहित अन्य लोगों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। किसी तरह वहां से भागकर उन्होंने अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190